पेड़ पात विन तरवर ठाढा, ज्यां मन लागा मेरा हो। ले गुरुसैंन चढ़चा कीमत कर, ज्यां भव नहीं लिगारा हो ॥ १ ॥ भूला जीव जुगत नहीं जाणैं, विन मैरम चढ जावे हो। अंतसमै पीछा भव माहीं, निरफल जन्म गमावै हो ॥ २ ॥ आपा छोड़ चेतन होय चाल्या, गुरु मैरम दरसाया हो। फूल्या बिरछ बहुत फल लागा, आंबै गिगन चढ मोरचा हो ॥ ३ ॥ वृच्छ विवेक बैठा संत सूरा, शुभ फल लेत घणेरा हो। कहै बनानाथ सुनो भाई साधो, ऐसा कया इक केरा हो ॥ ४ ॥ ६५ ॥ ३०० ॥

बिरछा एक पेड़ नहीं वाकै, नहीं जडी नहीं डाला हो। चवदैं लोक छाय रह्या ऊपर, लखसी गुरुका बाला हो ॥ १ ॥ सबसूं परै द्रिष्ट नहीं आवै, ऐसा वृच्छ अपारा हो। ज्यांके मांयँ मुकत फल लागा, सिरसाटे लो सारा हो ॥ २ ॥ सधर पुरुषकूं सतकर जाणो,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चल सतगुरुजीरे देसमें, कर सनमुख दीदार ॥ टेर ॥ समज सखी सुख बोलिया, अवर सघर एकसांम । पाव विना पंथ चालणा, समज्यां सहेली धाम ॥१॥ मैं नहीं ज्यां मैं गया, बिनपग वेगम गाम । नैण विहूंणा निरखिया, सुंनसम चेतन साम ॥ २ ॥ नहीं कोई आर न पार है, वेगम ब्रह्म अपार । गुरुकृपा वा घर वसूं, पाई मुकतरी सार ॥ ३ ॥ हर गुरुसूं सनमुख रहो, करो कुबदको नास । बनानाथ पद परसिया, जीयाराम गुरु पास ॥ ४ ॥ ७१ ॥ ३२४ ॥

समझ चलो सतलोकमैं, है सायब इकसार ॥ टेर ॥ स्वरग नरक पातालमें, तीन लोक पर वास । साचा साधूजन तां वसै, चोथै पद परकास ॥ १ ॥ सोई था सोई भया, अवर न दीसै पास । आप समाणा आपमैं, भई दुरमती नास ॥ २ ॥ वे संत दीनदयाल हैं, देता वस्तु विचार । भाग परापत पाइये, मैरम अगम अपार ॥ ३ ॥ सात द्वीप नव खंडमैं, रहता पुरुष निरास । बनानाथ पद परसिया, जीयाराम गुरु पास ॥ ४ ॥ ७२ ॥ ३२८ ॥

समझो सुरत सहेलड़ी, कर जलणेको चाव ॥ टेर ॥ चाल सखी उणबाटड़ी, सुण सतगुरुका वैंण । पाव न टीकै पपील तणा, वां संतनकी रैंण ॥ १ ॥ विखमी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सी वाटी ब्रह्मकी, पिण्ड ब्रहमंड त्रिन धाम। सतगुरु विन सूजै नहीं, ऐसा है वेगम गाम ॥ २ ॥ विना नींवका देवरा, विना देहका देव। विना नैंणसूं निरखणा, विन कर करियै सेव ॥ ३ ॥ विन बाती दीपक जगै, रवि चंद विन परकास। बनानाथ निरभै रह्या, अणमूरतकै पास ॥ ४ ॥ ७३ ॥ ३३२ ॥

परमानंद परकाशका, आनंद कह्या न जाय ॥ टेर ॥ विसवै भासै ब्रह्मतैं, ज्यूं वृच्छ तोयतैं होय। उलटा देख्या तोयमैं, ज्यां वृच्छा नहीं कोय ॥ १ ॥ तरवर ज्यूं माया सबै, यामैं निरगुण जाण। पाणी ज्यूं चेतन सदा, निरविकार निरवाण ॥ २ ॥ सोहं शुद्ध स्वरूप है, जां मायाकी हाण। वां सपंद निसपंद कहां, यूं कहै वेद पुराण ॥ ३ ॥ चेतन मैं हूं तूं नहीं, ज्ञेय ज्ञाता नहीं ज्ञान। बनानाथ निरभेद है, सरवातीत विज्ञान ॥ ४ ॥ ७४ ॥ ३३६ ॥

सतगुरु सत समझाबिया, सत चित आनंद अपार ॥ टेर ॥ आसत गहीं तजी ना सती, लिया सतोगुण सार। रज तम दोऊं सम किया, प्रगट्या ज्ञान विचार ॥ १ ॥ सतगुणतैं निरगुण लख्या, सो निरगुण सब पार। वाईते सब जग चलै, शुभ अशुभ व्यवहार ॥ २ ॥ सबमैं साखी एकसा, ज्यूं नीर बिरछके साथ। पाणीमैं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पिंड विन पुरस पुराणा । बनानाथ कहैं ब्रह्म सकलमें, घट बध कहो क्यूं कैणा ॥ ४ ॥ ७९ ॥ ३६६ ॥

साधो भाई ज्ञान घटा झुक आया । भरम करम व्यापै नहीं कबहुँ, गुरुसे गुरु गम लाया ॥ टेर ॥ बादल बीज विना नित बरसै, स्वाति बूंद झड़ लाया । धरण गिगन विन अमृत भरिया, सो रस गूँगे पाया ॥ १ ॥ पीवत प्राण परम सुख पाया, जरा मरण नहीं आया । अमर देशमैं आसण कीया, अटल वृच्छकी छाया ॥ २ ॥ अटल अभंगी सबका संगी, नहीं सरबंगकूं जाया । अविगत अलख खलक मांहि दरसै, गुरुमुख ज्ञानी पाया ॥ ३ ॥ झिगमिग दीप जुगतमें दरसै, सतगुरु मोय समझाया । कहै बनानाथ ब्रह्मकी बातां, भेद विना भय खाया ॥ ४ ॥ ८० ॥ ३६० ॥

साधो भाई अविगत भेद हमारा । सबसू मांम निरंतर निरख्या, नित निरगुण निराकारा ॥टेर॥ तीन लोक जम जाल पसारा, चवदै लोकसूं न्यारा । हंसा चोंच पांख विन देख्या, जाणै जाणनहारा ॥ १ ॥ होय चेतन चाल्या बेहदकूं, पिंड ब्रहमंडकै पारा । सुरत निरतकी लगी चिरागां, दरस्या देव अपारा ॥ २ ॥ सायब एक सकलमैं व्यापक, जड चेतन एक सारा । करसोजी परस्यावो प्रीतम, धोका नहीं लिगारा ॥ ३ ॥ गुरु कि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सी वाटी ब्रह्मकी, पिण्ड ब्रह्मंड विन धाम। सतगुरु विन सूजै नहीं, ऐसा है वेगम गाम ॥ २ ॥ विना नींवका देवरा, विना देहका देव। विना नैंणसूं निरखणा, विन कर करिये सेव ॥ ३ ॥ विन बाती दीपक जगै, रवि चंद विन परकास। बनानाथ निरभै रह्या, अणमूरतकै पास ॥ ४ ॥ ७३ ॥ ३३२ ॥

परमानंद परकाशका, आनंद कह्या न जाय ॥ टेर ॥ विसवै भासै ब्रह्मतैं, ज्यूं वृच्छ तोयतैं होय। उलटा देख्या तोयमैं, ज्यां वृच्छा नहीं कोय ॥ १ ॥ तरवर ज्यूं माया सबै, यामैं निरगुण जाण। पांणी ज्यूं चेतन सदा, निरविकार निरवाण ॥ २ ॥ सोहं शुद्ध स्वरूप है, जां मायाकी हाण। वां सपंद निसपंद कहां, यूं कहै वेद पुराण ॥ ३ ॥ चेतन मैं हूं तूं नहीं, ज्ञेय ज्ञाता नहीं ज्ञान। बनानाथ निरभेद है, सरवातीत विज्ञान ॥ ४ ॥ ७४ ॥ ३३६ ॥

संतगुरु सत समझाबिया, सत चित आनंद अपार ॥ टेर ॥ आसत गही तजी ना सती, लिया सतोगुण सार। रज तम दोऊं सम किया, प्रगटया ज्ञान विचार ॥ १ ॥ सतगुणतैं निरगुण लख्या, सो निरगुण सब पार। वाईते सब जग चलै, शुभ अशुभ व्यवहार ॥ २ ॥ सबमैं साखी एकसा, ज्यूं नीर बिरछके साथ। पाणीमैं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पिंड विन पुरस पुराणा । बनानाथ कहैं ब्रह्म सकलमें, घट बध कहो क्यूं कैणा ॥ ४ ॥ ७९ ॥ ३५६ ॥

साधो भाई ज्ञान घटा झुक आया । भरम करम व्यापै नहीं कबहुँ, गुरुसे गुरु गम लाया ॥ टेर ॥ बादल बीज विना नित बरसै, स्वाति बूंद झड़ लाया । धरण गिगन विन अमृत भग्गिया, सो रस गूँगे पाया ॥ १ ॥ पींवत प्राण परम सुख पाया, जरा मरण नहीं आया । अमर देशमैं आसण कीया, अटल वृच्छकी छाया ॥ २ ॥ अटल अभंगी सबका संगी, नहीं सरबंगकूं जाया । अविगत अलख खलक मांहि दरसै, गुरुमुख ज्ञानी पाया ॥ ३ ॥ झिगमिग दीप जुगतमें दरसै, सतगुरु मोय समझाया । कहै बनानाथ ब्रह्मकी बातां, भेद विना भय खाया ॥ ४ ॥ ८० ॥ ३६० ॥

साधो भाई अविगत भेद हमारा । सबसूं मांम निरंतर निरख्या, नित निरगुण निराकारा ॥टेर॥ तीन लोक जम जाल पसारां, चवदै लोकसूं न्यारा । हंसा चोंच पांख विन देख्या, जाणै जाणनहारा ॥ १ ॥ होय चेतन चाल्या बेहदकूं, पिंड ब्रहमंडकै पारा । सुरत निरतकी लगी चिरागां, दरस्या देव अपारा ॥ २ ॥ सायब एक सकलमैं व्यापक, जड चेतन एक सारा । करसोजी परस्यावो प्रीतम, धोका नहीं लिगारा ॥ ३ ॥ गुरु कि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रपासूं आगम सूझै, गुरुमुख लेइ विचारा ॥ बनानाथ अनुभों कही वाणी, प्रेममगन मतवारा ॥४॥८१॥३६७॥

साधो भाई बेहद ब्रह्मविचारा । रहता आप सकलमें सांई, परसै हरिजन प्यारा ॥ टेर ॥ शब्द स्पर्श रूप रस गंधा, चित मन बुध हंकारा । यामें भ्रमें सो जीव कहावे, अगम अखंडी न्यारा ॥ १ ॥ बेहद आप ताप नहिं तिरगुण, निरगुण ब्रह्म अपारा । हिलै चलै झिलकै छीजै नहीं, सोई पुरुष इकसारा ॥ २ ॥ वाका भेद कहणमें नाहीं, सो कहेणीके बारा । सदा अकरता कबहुं न करता, ऐसा आतम प्यारा ॥ ३ ॥ जीयाराम गुरुसैन बताई, सो सोजी सब पारा । बनानाथ निश्चै कर जांणी, भागा भरम अंधारा ॥ ४ ॥ ८२ ॥ ३६८ ॥

साधो अविगत लख्यो न जाई । जे लखसी कोई संत सूरमा, नूरमें नूर समाई ॥ टेर ॥ जैसे चंद उदक मांई दरसै, यूं सायब सब मांई । दे चसमा घट भीतर देख्या, नूर निरंतर वांई ॥ १ ॥ दूरतैं दूर उरैतैं उरेरा, हर ह्रिदारे मांई । सुपनै नार गमायो बालक, जाग पड़ी जब वांई ॥ २ ॥ जागत जोत जगी घट भीतर, जां देखूं जां सांई । ऊगत भाण बीत गई रजनी, हरदम अंतर नांई ॥ ३ ॥ ममता मेटि मिल्यो मोहनसूं,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ताना ॥३॥ सांसा मेट स्वतंतर समझो, सो आदि अस-थाना । अभरा नहीं सभर सत सायब, बनानाथ कहै ज्ञाना ॥ ४ ॥ ८७ ॥ ३८८ ॥

साधो भाई अगम सनेसो लाया । वाघरमैं नित अमी झरत है, संत उहां सुख पाया ॥टेर॥ मेर इकीस मंडप नहीं माया, नहीं कोई जाप जपाया । किरिया करम कलेस न लागैं, वो रवैं अधर अजाया॥ १॥ मौजी मौज करै मैंरममें, मगन रहत हद आया । जैन अनड आकाश वसत हैं, धरण पाव नहीं लाया ॥ २ ॥ गैबी गरज रह्या गिननामें, सुंनमें रहत समाया । आर अरु पार अपार आनन्दमैं, मुकत महोलो पाया ॥३॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, कर मैरम समझाया । कहैं बनानाथ विगत करलीजो, पद निरवाणी गाया ॥४॥८८॥३९२॥

साधो भाई इच्छा जीव बताया । इच्छा बिना आप निज नामी, यो प्रश्न उत्तर गाया ॥ टेर ॥ कहांसैं जीवा ऊपना कहियैं, कहां करत हैं कामा । कौण तरसैं तिरकर निकसैं, कहां जाय लहैं विसरामा ॥ १ ॥इच्छा जीव ब्रह्मसूं उतपति, किया काया कमठाणा । सतगुरु मिल्यां सूजी वा घरकी, उलटा किया पियाणा ॥२॥ अवघट घाटां लांगिया सबहीं, ज्यांका था ज्यां आया । आदी घर अस्थान अमरपुर,संत समझ थिर थाया॥३॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

रपासूं आगम सूझै, गुरुमुख लेइ विचारा ॥ बनानाथ अनुभौ कही वाणी, प्रेममगन मतवारा ॥४॥८१॥३६४॥

साधो भाई बेहद ब्रह्मविचारा । रहता आप सकलमैं सांई, परसै हरिजन प्यारा ॥ टेर ॥ शब्द स्पर्श रूप रस गंधा, चित मन बुध हंकारा । यामैं भ्रमैं सो जीव कहावै, अगम अखंडी न्यारा ॥ १ ॥ बेहद आप ताप नहिं तिरगुण, निरगुण ब्रह्म अपारा । हिलै चलै झिलकै छीजै नहीं, सोई पुरुष इकसारा ॥ २ ॥ वाका भेद कहणमैं नाहीं, सो कहेणीकै बारा । सदा अकरता कबहुं न करता, ऐसा आतम प्यारा ॥ ३ ॥ जीयाराम गुरुसैन बताई, सो सोजी सब पारा । बनानाथ निश्चै कर जांणी, भागा भरम अंधारा ॥ ४ ॥ ८२ ॥ ३६८ ॥

साधो अविगत लख्यो न जाई । जे लखसी कोई संत सूरमा, नूरमैं नूर समाई ॥ टेर ॥ जैसे चंद उदक मांई दरसै, यूं सायब सब मांई । दे चसमा घट भीतर देख्या, नूर निरंतर वांई ॥ १ ॥ दूरतैं दूर उरैतैं उरेरा, हर ह्रिदारे मांई । सुपनै नार गमायो बालक, जाग पड़ी जब वांई ॥ २ ॥ जागत जोत जगी घट भीतर, जां देखूं जां सांई । ऊगत भाण बीत गई रजनी, हरदम अंतर नांई ॥ ३ ॥ ममता मेटि मिल्यो मोहनसूं,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ताना ॥३॥ सांसा मेट स्वतंतर समझो, सो आदि अस-थाना । अभरा नहीं सभरू संत सायब, बनानाथ कहै ज्ञाना ॥ ४ ॥ ८७ ॥ ३८८ ॥

साधो भाई अगम सनेसो लाया । वाघरमैं नित अमी झरत है, संत उहां सुख पाया ॥टेर॥ मेर इकीस मंडप नहीं माया, नहीं कोई जाप जपाया । किरिया करम कलेस न लागैं, वो रवैं अधर अजाया ॥ १॥ मौजी मौज करै मैरममें, मगन रहत हद आया । जैन अनड आका-श वसत हैं, धरण पाव नहीं लाया ॥ २ ॥ गैबी गरज रह्या गिननामें, सुंनमें रहत समाया । आर अरु पार अपार आनन्दमैं, मुकत महोलो पाया ॥३॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, कर मैरम समझाया । कहैं बनानाथ विगत करलीजो, पद निरवार्णी गाया ॥४॥८८॥३९२॥

साधो भाई इच्छा जीव बताया । इच्छा बिना आप निज नामी, यो प्रश्न उत्तर गाया ॥ टेर ॥ कहांसैं जीवा ऊपना कहियैं, कहां करत हैं कामा । कौण तरसूं तिरकर निकसैं, कहां जाय लहैं विसरामा ॥ १ ॥इच्छा जीव ब्रह्मसूं उतपति, किया काया कमठाणा । सतगुरु मिल्यां सूजी वा घरकी, उलटा किया पियाणा ॥२॥ अवघट घाटां लांगिया सबहीं, ज्यांका था ज्यां आया । आदी घर अस्थान अमरपुर, संत समझ थिर थाया ॥३॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, दिया ज्ञान निरवाणी । कहै बनानाथ सुणो भाई साधो, सो जाणी सोई जाणी ॥ ४ ॥ ८९ ॥ ३९६ ॥

साधो भाई सिमरण करो सवाया । समझ्यां बिना साहब नहीं मिलसी, यूंई भवजल दुखपाया ॥टेर॥ का कारण तुम चलकर आया, का कारण धरी काया । का कारण तुम ध्यान धरत हो, कहां तुम रहो समाया ॥१॥ इच्छा कारण चलकर आया, उतपति कारण काया । सिमरण करूं समजरे कारण, सुनमें रहूं समाया ॥ २ ॥ कौण सुंन तेरी उतपति कहिये, कौण सुंन वहै आया । कौण सुंन तेरा सहज समाया, कौण सुंन घर पाया ॥ ३ ॥ जड़ सुंनमें उतपति कहिये, सुंन चेतन वहै आया । बेगम सुनमें सहज समाया, अफुर सुंन रहूं माया ॥ ४ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, कर निरणे दरसाया । कहे बनानाथ सुणो भाई साधो, प्रश्न उत्तर गाया ॥ ५ ॥ ९० ॥ ४०१ ॥

साधो भाई एक अचंभो लाया । जोवो जुगत करे कर जोगी, मड़ै कालकूं खाया ॥ टेर ॥ तीन लोक कालकी रैणी, चित चौथे घर लाया । फुरता अफुर भया बेहद पर, ज्यां नहीं मनका दाया ॥ १ ॥ पांच पचीस नहीं ज्यां माया, गुण इंद्री नहीं काया । कलह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कलपनासुं रहित निरंतर, तां तुरिये तत थाया ॥ २ ॥ ज्यां जोऊं चेतनकी चौकी, नहीं अचेतन माया । निरमल नूर दसूं दिश दरसैं, ज्यां घर हंस रवाया ॥ ३ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, सो निकलंक दरसाया । कहै बनानाथ सुणो भाई साधो, ज्यां नहीं कालकी छाया ॥ ४ ॥ ९१ ॥ ४०८ ॥

पद वेदांत । राग आसावरी ।

साधो भाई कैणी परे रवाई । कैण अकैण दोऊं दिखलावैं, आप रहै निरदाई ॥ टेर ॥ वेद कतेब पुराण अरु गीता, खोज खोज थक जाई । वोतो नर निरंतर कहियै, लिखण भखण मैं नाई ॥ १ ॥ आप अपार पार नहीं वाको, इछया अनंत दिखाई । भाव अभाव अशुभ शुभ दोनूं, मायामें वरताई ॥ २ ॥ माया आदि अनादी कलपत, ज्यूं मृग तृष्णा झांई । आप सदा माया विन थाया, नहीं कलपना काई ॥ ३ ॥ अगम निगम वाणीको द्रष्टा, शुधस्वरूप सुखदाई । बनानाथ चेतन ब्रह्म सोहैं, आप अवाण अचाई ॥४॥९२॥४०९॥

साधो भाई आतम ज्ञान सोइ ज्ञाना । चेतनकूं चेतनकी सूझै, चेतनकी जाणे म्याना ॥ टेर ॥ दिष्ट मुष्ट दृश्य नाहीं, आतम अचल अभेवा । दृश्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

अदृश्य वाहूतैं भासै, भाव अभाव नगेवा ॥ १ ॥ दृश्यादृश्य अदृश्य तिहूंगुण, वणै है अरु मिट जाई। आतम वामैं वणै न बिखरै, लय विक्षेप नहीं काई॥२॥ माया दृश्य अनित्य असारा, नित चेतन सत थाई। यह निश्चा निरबंधण कहिये, कर निरणै दरसाई ॥३॥ रज्जुमैं सरप दरार तरू जड, भेददृष्टि कर थाई। बनानाथ भाण उदे अनुभौ, जब रज्जुकी रज्जु पाई ॥ ॥ ४ ॥ ९३ ॥ ४१६ ॥

साधो भाई आतम ज्ञान बताया। आतमज्ञानी लखै आतमा, स्वपरकासी थाया ॥ टेर ॥ नहीं कोई अजपाजाप सिमरणा, नहीं तिरगुण मन माया। अपणा आप उलटकर देख्या, ज्यूंका त्यूं दरसाया ॥ १ ॥ जैसे रवी सकल परकासी, किरिया अनंत देखाया। सबी देखाय आप रहै न्यारा, यह चेतन निरदाया ॥ २ ॥ आतम अगम अगोचर सांई, आपोई आप रवाया। देश काल वस्तु नहीं ज्यामैं, नहीं कोई गया न आया ॥ ३ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, आतमज्ञान दिखाया। बनानाथ अनुभौ परकास्या, भेदाभाव मिटाया ॥ ४ ॥ ९४ ॥ ४१७ ॥

साधो भाई सत विवेक दरसाया। यह निश्चा निरबंधन कहिये, संत शासतर गाया ॥ टेर ॥ तीन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लोक चेतनका चिलका, ज्यूं रवि जल दरसाया। अपणा स्वरूप रहै आकाशां; भूला जल भरमाया ॥१॥ तुरिये आप तिमिर नहीं भासै, रजनी है सो माया। ऐसी मेहर करी मोपै गुरु, दे दरपण दिखलाया ॥ २ ॥ परीब्रह्म भरिया भरपूरण, ऊरण कबहुँ न भाया। खंडत नहीं अखंड अविनाशी, ज्यां तिहुं काल बिलाया ॥३॥ काल अकाल भाव नहीं जामैं, शुभस्वरूप सुखदाया। कहै बनानाथ अलोगत सोजी, गुरुमुख ज्ञानी पाया ॥ ४ ॥ ९५ ॥ ४२१ ॥

साधो भाई ! धरूं ध्यान अब कैसा। किसकूं भजूं तजूं अब किसकूं, मँझ्या अचंभा ऐसा ॥ टेर ॥ सुंन सायरकी आशा छूटी, चित मन भया उदासा। सुरता निरत हेर कर हारी, थकत भया घर पासा ॥ १ ॥ आपा उलट अरु पझ्या आपमैं, ज्यूं काष्ठ अगन प्रवेसा। काष्ठ जलो अगन भई परगट, फेर पड़ै सोई वैसा ॥ २ ॥ निरगुण मांय थकत भया सर्गुण, नहीं कोई सेस असेसा। ज्यां दुई थकत अकथ अविनासी, नित जैसाका तैसा ॥ ३ ॥ एको एक रह्या भरपूरा, अनुभौ भया हुलासा। कहै बनानाथ सुणों भाई साधो, कृत्त अकृत्त न लेसा ॥ ४ ॥ ९६ ॥ ४२६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साधो भाई आतम अचल अनासी । मायामांय लिपै नहीं नभ ज्यूं, चेतन स्वतै प्रकासी ॥ टेर ॥ इच-रज खेल कहूं वा घरको, गुरु मिलियां गमपासी ॥ घरता नहीं अधर वो आतम, आपोई आप रवासी ॥१॥ अगम अगोचर निरभै कहिये, सो पद है अविनासी । हरख रु शोक विजोग न जोगी, नहीं आवै नहीं जासी ॥ २ ॥ अगम निगम वाको पार न पावै, कर परपंच थक जासी । सूक्षम रूप सदा भरपूरण, वो घर बिरला पासी ॥ ३ ॥ वो तो दिष्ट मुष्ट नहीं आवै, ज्यूं गूंगो सैन चलासी । बनानाथ गुरुगम कहै दाखी, जाण हमारी ऐसी ॥ ४ ॥ ९७ ॥ ४२९ ॥

साधो भाई सत निश्चै कर हेरा । ब्रह्म मिल्यां विना भरम न भागै, समझावत गुरु मेरा ॥ टेर ॥ तीन लोक रोक्या जमद्वारा, सकल कामना घेरचा । चित मन बुध हंकार अलूज्या, उलट हंस नहीं फेरचा ॥ १ ॥ पांच विसैकूं त्याग परेरा, रहो अंतैकरणसूं दूरा । आर पार चेतन जब दरसै, ज्यां कोऊ पहुँचै सूरा । ॥ २ ॥ आसण अधर सधर वो मूरत, अनिरवाच्य निरभैरा । सोभा कहूँ समझ नहीं पूगै, थकत भया मन मेरा ॥ ३ ॥ आवागिवण आवै नहीं कबहूं, किया

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रहत घर डेरा । कहै बनानाथ सुणो भाई साधो, अबकै मुज़रा मेरा ॥ ४ ॥ ९८ ॥ ४३२ ॥

साधो भाई आतम अचेल अभेसा । जिन जाण्या जिन या विध भाख्या, फेर कहे को कैसा ॥ टेर ॥ वां तो चंद सूर नहीं भासैं, नहीं रजनी परकासा । वाकी महिमा कही न जावै, असंख भाण नहीं ऐसा ॥ १ ॥ परम पुरुष पारवर कर परख्या, प्रगट कहूं है जैसा । स्वयंप्रकाश सदा एक सारा, वां कोई भरम न रैसा ॥ ॥ २ ॥ परब्रह्म भरीया भरपूरा, नहीं सिखर नहीं नीचा । आपोई आप दूसरा नाहीं, नहीं आगा नहीं पीछा ॥ ३ ॥ जैसा था जैसा दरसाया, अनिरवाच्य निरलेसा । कहै बनानाथ सुणो भाई साधो, अगम निगम कहै ऐसा ॥ ४ ॥ ९९ ॥ ४३७ ॥

साधो भाई मेरा ज्ञान अथाया । सुरती अरू सिमरती दोनुं, योई सिद्धांत बताया ॥ टेर ॥ घर नहीं गिगन अज्ञान न ज्ञाना, नहीं कोई सैन समाया । किरिया करम लगै नहीं कैणी, वो ज्यूं का त्यूं थाया ॥ १ ॥ निराकार निरगुण निरआसै, सगुण सुतै देखाया । ता सगुणमैं भाव तिहूंविध, उतपति थिती लय भाया ॥ २ ॥ चेतन द्रष्टा सब मायाकौ, सबमैं रहत अचाया । सब दिखलाय लिपै नहीं किसमैं, नित चेतन निरदाया

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizaqtion by eGangotri

॥ ३ ॥ आतम सत्त असत अन आतम, यहै दोऊ भाव बताया । माया आदि अंत मध कलपत, आतम सत रैवाया ॥ ४ ॥ अपणी जांण आपही जांणै, विधि निषेध नहिं पाया । बनानाथ सत चेतन आनंद, निरविशेष निरमाया ॥ ५ ॥ १०० ॥ ४४२ ॥

साधो भाई यहै निज ज्ञान हमारा । ध्याता ध्येय ध्यानमें नाहीं, जांणें जाणनहारा ॥ टेर ॥ अगमनिगम वाणी नहीं खाणी, नहीं आकार निराकारा । आपोई आप अनादी केवल, हुवा न कोउ होवणहारा ॥१॥ ब्रह्मा विष्णु महेश्वर नाहीं, नहीं तिरगुण विसतारा । चवदे लोक वहां कछु नाहीं, ना कोई चिख हंकारा ॥ २ ॥ वो तो लय विक्षेपता नाहीं, नहीं कोई सार असारा । नहीं कोई भूला नहीं समजणा, नित चेतन निरधारा ॥ ३ ॥ निरालंब निरभै निरवानी, हूं तूं नहीं विकारा बनानाथ सनातन आतमः सुधा अद्वैत अपारा ॥ ४ ॥ १०१ ॥ ४४६ ॥

राग आसावरी ।

साधो भाई कहां लग कहैं बनाई । चेतन शुद्ध स्वरूप सदाई, ज्यामैं भूल न काई ॥ टेर ॥ जाग्रत मिटयां सुपन जब दरसै, सुपन सुखोपत माहीं । तीनां परे तुरीया तत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कहिये, ज्यां कोई दूजा नाहीं ॥ १ ॥ जाग्रतमैं सब जीव बराबर, सुपन मनोरथ पाई । जागत सुपन दोउ लीन सुखोपति, तुरीये जांणत ताई ॥ २ ॥ सोहै आदि अंत मध पोला, तीनूं भाव देखाई । सबमैं सांम सरोवर दरसैं, वे बराबर तिनमाईं ॥३॥ जो कहिये सोई भाव आपणा, विना भाव कछु नाहीं । बनानाथ सोई परम प्रकाशी, मेरा भाव मुजमाहीं ॥ ४ ॥ १०२ ॥ ४६० ॥

साधो भाई ऐसी अदल हलाई । नीर खीर ज्यूं किया निबेड़ा, यो हंस विवेक बताई ॥ टेर ॥ जाग्रत जीव पचै सब जगमैं, इंद्रयां करत कमाई । सब रस चाख करै मन मुतलब, आखर भवदुख पाई ॥१॥ सुपनसुभाव वरते जाग्रतयो, संकलप डोर हलाई । जाग्रत आन खड़ी सुपनामैं, बरतत सुख दुख माहीं ॥२॥ जाग्रत सुपन कलपना थाकी, सुखोपतिके मांई । हरषशोक दुख सुख तां नाई, अप्रकाश रै वांई ॥३॥ तुरिये तेज भयो तिहुं वनमैं, स्वप्रकाश सदाई । आर पार दींवार वोइहै, नहीं आवै नहीं जाई ॥ ४ ॥ चारूं अवस्था चीनकर जावै, जप हंसा फल पाई । बनानाथ है अवस्था उलंघत, द्रष्टा आप रहवाई ॥ ५ ॥ १०३ ॥ ४६५ ॥

साधो भाई है कोई हरीजन शूरा । जाग्रत सुपन सुखोपति तुरिया, भेद लहैं जन पूरा ॥ टेर ॥ जाग्रत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

झबका जो ये जगतको, रजोगुण इंकारा। दृगस्थान वैखरी वाणी, विस्वै जीव विचारा ॥ १ ॥ सुपन अवस्था सुख दुख वरतैं, रहत सतोगुण आसा। कंठस्थान मध्यमा वाणी, तेजस जीव विलासा ॥ २ ॥ अप्रमाण सुखोपति कहिये, गुणै तमोगुण धारा। हिरदै स्थान पश्यंती वाणी, प्राज्ञ जीव आधारा ॥ ३ ॥ वाणी परा स्थान मूरधनी, तुरीये ब्रह्म अपारा। तिहूं अवस्था भेद न तामैं, शिवस्वरूप इकसारा ॥ ४ ॥ अवस्था चार बताई हैं ज्यूं, योंई है केवल ज्ञाना। अवस्था परै बनानाथ चेतन, जाणै सबका म्याना ॥ ५ ॥ १०४ ॥ ४६० ॥

साधो भाई मेरी जाण अथाई। वायक अवायक दोइतैं न्यारा, कहणी लगै न काई ॥ टेर ॥ पनरे तत जाग्रत अस्थूला, नवतत सुपन कहाई। सुखोपति सामान अविद्या, ज्यां जाग्रत सुपन बिलाई ॥ १ ॥ जाग्रतमें जागै नहीं चेतन, सुपनै नहीं भरमाणा। सुखोपतीमें कबहुं न भूला, नित चेतन निरवाणा ॥ २ ॥ जाग्रत सुपन सुखोपति मांई, रहै चेतन इकराया। वरतै सो वैसा सब जाणै, सो तुरीये निरदाया ॥३ ॥ है ज्यूंका त्यूं योही निबेड़ा, यामें भेद न काई। बनानाथ सारांको द्रष्टा, अवस्था अतीत रवाई ॥ ४ ॥ १०५ ॥ ४६४ ॥

साधो भाई धोकै मुकती मानी। पिंड ब्रहमंडके अंतर बाहर, सो हमतैं नहीं छानी ॥ टेर ॥ कोई कहै

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुकती विष्णुधर्मतें; सर्गुण भगत बखानी। जीव बँध्या शुभ अशुभ करममैं, यह सब कही भुलानी ॥ १ ॥ कोई कहै मुकती नाभिकमलमैं, अरध ऊरध ठहरैनी। आठ पोहोर स्वासामें पचणा, ऐसी क्या दुखदैनी ॥ २ ॥ कोई कहै मुकती गिगनमंडलमैं, अनहद घुरत निसानी। पिंजर छूटा हंस बिछूटा, जब कहा करो रहानी ॥ ३ ॥ सब माहिं व्यापक सदा निरंतर, ज्यां नाम रूप नहिं वानी। बनानाथ चेतनके माहीं, बंध मुकतकी हानी ॥ ४ ॥ १०६ ॥ ४६८ ॥

राग कानड़ा।

चेतन सब परकाश करै री, घटमायँ नभ ज्यूं नायँ कलरी ॥टेर॥ पिंड ब्रह्मंडपरै पुरस भारी,सो चेतन बिखरै न बणै री। उण चेतनसूं कुदरत सारी, सब घटमांहीं कला पसारी ॥ १ ॥ ज्यूं शशि दीसै जलकै मंझारी, सबमैं आप न लिपै लिगारी। सतगुरु सैन समझकर सारी, सब घटमांयँ ब्रह्म लिया विचारी ॥ २ ॥ पूरण ब्रह्म उरै न परै री, कारण लिंग स्थूल नहीं हैं री॥नहीं वो बिछड्या नांयँ मिलै री, अगम निगम कहणी न लग री ॥ ३ ॥ जीयाराम गुरु निज निरभै री, सचिदानंद आनंद अखै री। सोई बनानाथ द्रष्टा री, पलट्या न पलटै सदा इकसारी ॥ ४ ॥ १०७ ॥ ४७२ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कारण सूक्षम स्थूल परै सो जी। यह निज ज्ञान आतम अनुभो जी ॥ टेर ॥ सूक्षम स्थूल कारण कर दोई, रसतैं खांड खिलूणा ज्यूं होई। मिठास आरपार एकसारा, यूं चेतन परकासणहारा ॥ १ ॥ खांड खिलूणा रस होयजावैं, मीठामैं तीनूं नहीं पावैं। यूं चेतनमैं उतपति नहीं लैना, आप सदा निरबंधण रैता ॥ २ ॥ सदा एकसा सिमरथ वोई, ज्यां कछु वायक लगै न कोई। तुरीये अतीत अनादि अकरता, जांको भेद अभेद न करता ॥ ३ ॥ लख अलख भाव तां नाहीं, नहीं कोई बाहर नहीं कोई माहीं। बनानाथ अध्य अविनासी, आपोई आप स्वतःपरकासी ॥४॥१०८॥४७६॥

सत चेतन आनंद गुसाई, असत रूप जड़ कलेश ज्यां नाई ॥ टेर ॥ पावक रहै पाहनकै माहीं, विन चकमक परकासै नाहीं। अन आतम मांई आतमदेवा, विना ज्ञान पावो नहीं भेवा ॥ १ ॥ अनुभौ ज्ञान उदै भया वोई, शम दम लिया साधना सोई। मेरा स्वरूप सोयं निरआसै, निजानंद निरमल परकासै ॥ २ ॥ सब घटमाहिं वो चेतन प्यारा, रहै सब मायँ सबीतैं न्यारा। आप अघटतां घटनहीं कोई, निरालेप निरबंधण सोई॥३ नहीं वो उरै परै अरु नीचा, नहीं कोई नैण खुला अरु मीचा। वचन उचार कहैं अब कांई, गूंगेकी गम गूंगे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मांई ॥ ४ ॥ ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय नहीं लागैं, नहीं कछु संगरे नहीं कछु त्यागैं ॥ बनानाथ निर्भय निज थाया, आपोई आप और नहीं पाया ॥ ५ ॥ १०९ ॥ ४८१ ॥

अगम अगोचर अकथ कहांणी । वेद वचन अनुभौ तैं जांणी ॥ टेर ॥ कारण सूक्षम थूल तुरीयातैं, वृच्छा बीज पात ज्यूं तोयतैं । तुरीये ब्रह्म तिहूंतैं न्यारा, सारा खेल देखावणहारा ॥ १ ॥ बिछड़े मिलै बणैं मिटजावै, यह मायाका भाव कहावै । द्वैताद्वैत अद्वैत विलासा, भिनभिन कर मायामैं भासा ॥ २ ॥ माया असत मृग-जल झांई, नित चेतन ज्यूंका त्यूं साई । वृच्छ अरु बीज नहीं तोयमांहीं, यूं माया चेतनमांहीं नाहीं ॥ ३ ॥ आप अखै अगाध अजाया, भेद अभेद लगै नहीं दाया । बनानाथ चेतन निर्वाणी, आपोई आप अवरकी हाणी ॥ ४ ॥ ११० ॥ ४८५ ॥

चेतन जाण भूल दिखलावै । जाण भूलमें कबहुँ न आवै ॥ टेर ॥ आप अकलतें सकल पसारा, धर अंबर वाणियाँ आकारा । रची भूल सोई भूल दिखावैं, आप भूल माहिं भूल न जावैं ॥ १ ॥ चेतन आप सकल परकासैं, चेतनमाहिं और नहीं भासैं । मोरमुदा-दा तां नहीं पावै, रहता सोई संकल दिखलावै ॥ २ ॥ रज्जुमायँ सरप भय आनी, यूं माया भूल अनहोती

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मानी । रज्जुदृष्टमैं भूल न कोई, द्रष्टा केवल रज्जु शुध सोई ॥ ३ ॥ ऐसी सैंन लख संत कोई, और आपमें हुवा न होई । बनानाथ आतम है सोई, अगम निगम साखा कहै दोई ॥ ४ ॥ १११ ॥ ४८९ ॥

शुद्धस्वरूपका निश्चय योई । आतम ज्ञान उदै जिन जोई ॥ टेर ॥ सुखोपती कारण है सबका, जाग्रत सुपन ताहीतैं झबका । च्यार खांण चौरासी जाती, ज्यामैं भूल रची बहुभांती ॥ १ ॥ कारणमें वण वण मिटजावैं, ख्याली खेलमें गया न आवैं । हाण विरधमैं करै न प्रीती, तुरीये चेतन सदा सुचेती ॥२ ॥ है है मैं वो हाथ न आवैं, नहीं नहीं सु रहैं निरदावैं । हैं नाहींके मध अनुभोई, निरमल चेतन द्रष्टा सोई ॥ ३ ॥ कारण कारज नाश भई माया, अज आतम अविनाशी राया । बनानाथ ये जांण प्रमाणी, शुद्धस्वरूप आप निरवाणी ॥ ४ ॥ ११२ ॥ ४९३ ॥

यह केवल निसचा है हमारा, हमही निरालंब निरधारा ॥ टेर ॥ मेरी सता कारण उपजाया । जाग्रत सुपन पसारा थाया । सृष्टि अनंत अनंत अवतारा, एक पलक माहीं रचिया सारा ॥ १ ॥ सबी खेल ख्याली तैं हूवा, आप रहत पड़दामैं जूवा । उण ख्यालीतैं सब विसतारा, कर बाजी बाजीगर न्यारा ॥ २ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सूक्षम स्थूल सृष्टि यह दोई, कारणमैं लाधै नहीं कोई, ये तिहूं हैं नहीं मृगजल सारा, आतम चेतन परखण हारा ॥ ३ ॥ विधि निषेध दोउ भरम बताया, मोमैं विधि निषेध नहिं पाया । बनानाथ सोई अलख अपारा, हम अरु जाण सदा इकसारा ॥ ४ ॥ ११३ ॥ ४९७ ॥

मेरी जाण सदा निरदावै, आदि अंत मधि तिहूं देखावै ॥ टेर ॥ मेरी सताकर सकल पसारा, नानाविध शुभ अशुभ व्यौहारा । सबमाहिं सता परकासै ऐसैं, सरवांमैं रवि भासै जैसैं ॥ १ ॥ सरवा अनंत रवि एक सोई, अनंत एकमैं है नहीं कोई । मैं चेतन मो मैं नहीं माया, बोध बोधक सोई एक रवाया ॥ २ ॥ ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय परहरीया, मेरेकूं कोऊ लगै न किरीया । नित निरमल निरलेप स्वरूपा, अगम निगम थकि कहत अनूपा ॥ ३ ॥ जाणी जाण देखाई ऐसी, ज्यामैं बंध मुकती कहो कैसी । बनानाथ योई अनुभौ हमारा, हाण लाभ कोउ नाहिं विकारा ॥ ४ ॥ ११४ ॥ ५०१ ॥

ख्याली खेल दिखावणहारा, रहता आप अकरता न्यारा ॥टेर॥ ब्रह्मा विष्णु महेश्वर माया, पांचतत्त्व कर खेल रचाया । यामैं सृष्टि अनंत दिखलावै, सबतैं ख्याली रहै निरदावै ॥१॥ त्यागी आश्रम वरण व्यौहारा । यह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तिहूं खिलका माहीं आकारा। प्रवृत्ती और निवृत्ती मानी, सबी भाव खिलकैमें जानी ॥ २ ॥ बाजी झूठ बाजी-गर सांचा, सबही देखावैं आगा पाछा । ख्यालीमैं खिलका नहीं कोई, आप रहत ज्यूंका त्यूं सोई ॥ ३ ॥ पुतली पिंपि तार विचारा, बाजी नाम रूप जड़ सारा। चेतनकूं जड कहा पिछाणैं, बनानाथ बाजीगर जाणैं ॥ ४ ॥ ११९ ॥ ५०९ ॥

राग आसावरी।

साधो भाई इच्छा च्यार बताई । है ज्यूंका त्यूं किया निबेड़ा, रती वांक नहीं काई ॥ टेर ॥ इच्छा जीव दोड़ आसा लग, आरत मैं अलुझाई। नली नाल ज्यूं भट-कत रीता, मिथ्या जन्म गमाई ॥१॥ शुभ इच्छा सो वहैं सुधमारग, अपणा खोज विचारैं । निरगुण गहैं गुण तीनूं त्यागै, सो सब काज सुधारैं ॥ २ ॥ पर इच्छा परमारथ मानै, आप सवारथ मेटैं। पोषै जीव ज्ञान दे पूरा, से सत सायब भेटैं ॥३॥ अनइच्छा सोई ब्रह्मस्वरूपी, सरवज्ञ सकल पसारा । पाप पुन्य दुख सुख नहीं दर्शैं, नहीं कोई जीतन हारा ॥४॥ द्वैत अद्वैत अकरता करता, इच्छा मायँ विलासा। बनानाथ इच्छा परै चेतन, आपोई आप निरासा ॥ ५ ॥ ११६ ॥ ५१० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साधो भाई ! गुणा अतीत अविनासी । आवै नहीं जावै वणै नहीं बिखरै, निरमल स्वतःप्रकासी ॥ टेर ॥ ब्रह्म सदा निरबंधन कहिये, नहीं कोई इष्ट उपासी । धरम करमका करता नाहीं, अक्रिये अविनासी ॥ १ ॥ अक्रिय सोई आप स्वरूपी, क्रिया मायापासी मायाकर दुरमत में देखै, जां लग आसी जासी ॥ २ ॥ तीन गुणांका सकल पसारा, उतपत थिती विणासी, तिरगुणमैं निरगुण निरबंधण, रहता आप अनासी ॥ ३ ॥ आप अखंड खंड सब माया, कर निरणै कहै दाखी । बनानाथ ब्रह्मवेत्ता ब्रह्म है, अगम निगम यूं भाखी ॥ ४ ॥ ११७ ॥ ५१४ ॥

राग ।

दोख परै ख्याली दोख परै, दोख दिखाय नहीं दोख गिरै ॥ टेर ॥ करता होय करी जग बाजी, सो मिसरतमैं आण मिलै । तम प्रकाश दोख आव्रणतैं, प्राज्ञ नामा जीव जलै ॥ १ ॥ सँकलप पांच बिसै होतांई, चित मन बुधि अहंतामैं करै । तेजस जीव विछेप दोखते, सबी फोरणा होय उरै ॥ २ ॥ इंद्र्यामैं सब रच्या मनोरथ, शुभ अशुभ दोऊं करम गहै । विसवै जीव दोख मल रैता, आप बिसर आपो होय रहै ॥ ३ ॥ ख्याली दोख देखाय खबरकी, सो सत असत विचार करै । सत सोई

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आप असत जड माया, तिंउ पडदोऊं परकास धरैं ॥ ४ ॥ आदि अरु अंत मध्य नहीं वाको, लगे नहीं ज्ञाता ज्ञान गहैं । सब मिट जाय सेस रहै वोई, बनानाथ सोई जांण रहैं ॥ ५ ॥ ११८ ॥ ५१९ ॥

राग गूजरी ।

लख चेतना रहो जी, मनवा लख चेतनता रहो जी । अपणा रूप ओर होय भूला, कर रया हूंजी हूंजी ॥ टेर ॥ आप सुतैं इच्छा कर दूजी, रची भूलता वाजी । जाग्रत सुपन सुखोपति तिहुं गुण, एक एक मांई राजी ॥ १ ॥ विसवे तैजस प्राज्ञ परवैतां, कर तुरीयांतैं सोजी । आदि अंत मध्य एक आतमा, मेट दीना हूं तूं जी ॥२॥ आतम अखै अमर अविनासी, ज्यां नहीं एक नहीं दो जी । येही ज्ञान निर्भेद जाणकर, कहै दाखी निरभो जी ॥ ३ ॥ जीयाराम गुरु मेहर करी सई, खोज बताया खोजी । बनानाथ स्वरूप पिछाण्यां, नहीं कलपना कोजी ॥ ४ ॥ ११९ ॥ ५२३ ॥

चेतन सब इच्छामैं खेल देखाया । आप रहैं इच्छासूं न्यारा, इच्छामैं नहीं आया ॥ टेर ॥ मेरी सता कर फोरी फोरणा, इच्छाई इंड उपाया । फोड़ा रच्या धर अंबर, चवदैई लोक थपाया ॥ १ ॥ सातुई तबक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इलाकै आस, सातुई गिगन ठहराया । या मांहीं जीव जात बहुभांती, नानाविध भरमाया ॥ २ ॥ ख्याली खेल देखाय पलकमैं, मेट दीबी सब माया । फूटा कुंभ नभ रहत अचल यूं, बोधस्वरूप निरदाया ॥ ३ ॥ पांचतत्त्वकी नहीं मेरी काया, नहीं कोई जननी जाया । आदि अरु अंत मध्य नहीं मेरे, सतचित आनंद अजाया ॥ ४ ॥ फुरण अफुरण भाव नहीं मोमें, विधि निषेध न पाया, बनानाथ नित है ज्यूंका त्यूं, जाणी जाण रवाया ॥ ५ ॥ १२० ॥ ६२८ ॥

साधो भाई ज्ञान अज्ञान बताई । बाहर मुख फुरणा अज्ञाना, ज्ञान अंतरमुख आई ॥ टेर ॥ अपणा रूप आपही भूला, मायाकर भरमाई । मुकुरमायँ दूजा मुख दरसै, तज्या असल गही झांई ॥ १ ॥ जीव नाम मायाकर मान्या, भेद अनन्तां थाई । नानारूप भावना नाना, कलम रह्या या मांई ॥२॥ अपणी माया आप बंधाणा, जाण रही नहीं काई । अपणा आप उलटकर देखै, तबी भूल मिट जाई ॥ ३ ॥ अनुभौ ज्ञान जग्या उर अंदर, सत विवेक ठहराई । अपणा स्वरूप सदा शुध केवल, माया अनित्य जताई ॥ ४ ॥ भूलमांयँ घटिया नहीं चेतन, जाण्यां बध्या न राई । बनानाथ चोज चेतनकी, भूल अरु जाण बताई॥५॥१२१॥६३३॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साधो भाई आतमज्ञानी जोई । यही ज्ञान निरभै निरअंतर, कैणी लगै न कोई ॥ टेर ॥ नभमैं अभ्र उपाधि पवनकी, बणैं मिटैं फिर होई। चित कलपी आतममांई रचना, अनहोती है योई ॥ १ ॥ अनहोतै अनहोती मांनी, ज्यूं सुपनी सुपनां जोई । जाग्यां पीछैं सुपन कहां सुपनी, यूं बोधरूप निरभोई ॥ २ ॥ बोधरूप आतम नित चेतन, अज अद्वैत अलोई। कारज कारण नहीं आतममैं, होत अनहोत न दोई ॥ ३ ॥ करण अकरण दोऊ तैं न्यारा, नहीं कोई संग बिछोई। बनानाथ अनामी आतम, निरमल द्रष्टा सोई ॥ ४ ॥ १२२ ॥ ५३७ ॥

साधो भाई यह निरणा सुखदाई। चिदजड़ ग्रन्थी कटी कलपना, शुध आतम दरसाई ॥ टेर ॥ तम प्रकाश आसरै नभकै, नित आवै नित जाई । नभ निरलेप सदा इकसारा, श्याम श्वेत नहीं काई ॥ १ ॥ रवि ज्यूं सूक्ष्म परकाशा, थूल रात समथाई। चेतन नभ ज्यूं रहत निरन्तर, नहीं आवै नहीं जाई ॥ २ ॥ दरपणकै बाहिर मुख थूला, अंतर सूक्ष्म देखाई। दरपण ज्यूं चेतनकै मांई,सूक्षम थूल न पाई ॥ ३ ॥ सूक्षम अस्थूल जड़चेतनमाया,ज्ञान अज्ञान या मांई। बनानाथ अप्रमेय सोई आतम, ज्यां नहीं माया झांई ॥४॥ १२३॥५४१॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साधो भाई नहीं अन्दर नहीं बारा । अंदरई बार दोऊंको जाणैं, ऐसा चेतन प्यारा ॥ टेर ॥ बीज बृच्छ पात फल फैला, नीर बृच्छसूं न्यारा । यूं आतम निरबंधण कहिये, नित निरमल निराकारा ॥१॥ आदि पुरुषकी इच्छा शकती, बहुविध किया पसारा । नाना भांति भावना मांडी, जुदा जुदा आकारा ॥ २ ॥ चेतन साखी सकल सृष्टिमैं, व्यापक निरहंकारा । पाप पुण्य सुख दुखसूं न्यारा, सबकूं जाणनहारा ॥ ३ ॥ इच्छा आदि पसारा सबही, इंद्रजाल विसतारा । इच्छा झूंठ सत आतम तत, यह विवेक ततसारा ॥४॥ विधि निषेध भाव इच्छाका, इच्छा अलप असारा । बनानाथ सत चेतन आनँद, सोई स्वरूप हमारा ॥ ५ ॥ १२४ ॥ ५४६ ॥

साधो भाई आतम रवै अनासी । अपणी जाण आपही जाणैं, अनुभौ स्वतै प्रकासी ॥ टेर ॥ सिमरथ सदा काल है चेतन, ज्यामैं इच्छा नांई। खंडत नहीं रूम राइ भर, द्वैत अद्वैत न तांई ॥ १ ॥ तिरगुण जाण दखाई रचना, सब इच्छाकैं सांई । जडमें नाम रूप बहु भांती, आप निरंतर सांई ॥ २ ॥ रवितैं सकल जगतका कामा, बरतन भाव अनेका, यूं चेतन सारांको द्रष्टा, नितन्यारा निरभैका ॥ ३ ॥ माया अनित्य असार अनादी, ज्यूं तरु जर सरप दसरा । रज्जु ज्यूं सत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आतम सांई, नहीं मायागुण लिगारा ॥ ४ ॥ है है यों कहणी वहीं लागै, नहीं नहीं कांहां पावै। बनानाथ सतचेतन आनंद, आपोई आप रहावै ॥ ५ ॥ १२५ ॥ ५५१ ॥

साधो भाई सतगुरु खेल रचाया। दयाकर दुनिया दिखलावै, आप रहे निरदाया ॥ टेर ॥ धरम करम करता होय कीया, पलमें जग दरसाया। चुंबक प्रतिबिंब तैं लोहा, हिलता रहै यूंई माया ॥१॥ अनंत खेल एकण ख्याली तैं, भांत भांत करवाया। रविप्रकाश जगतका कामा, करमां जोग हलाया ॥ २ ॥ सुख दुख मांहिं रहै एकसारा, सिमरथ सदा अचाया। पापपुण्य मैं लिपै न कबहूं, सो गीतामें गाया ॥ ३ ॥ पटपुतरीमैं तार अलोगत, यूं मोहि गुरु दरसाया। बनानाथ कहैं जीयाराम गुरु, रहै सबमैं निरदाया ॥४॥ १२६॥५५५॥

साधोभाई प्रगट वचन पुकारूं। असली जीव आरत कर आवैं, तुरत उनीकूं तारूं ॥ टेर ॥ नेम धरम संसार भावना, नहीं जप तप धुन धारूं। अकल कलामैं अहनिश आसण, सहजेई समरण सारूं ॥ १ ॥ इदमैं माया जाल पसारा, बेहद ब्रह्म विचारूं। दोई मेट दिदार दिखाऊं, या विध हंस उबारूं ॥ २ ॥ बेहद ब्रह्म सदा निरबंधन, माया हद बिसारूं। सोई स्वरूप हमारा कहिये, छेद्या भरम बिकारूं ॥ ३ ॥ अंतर मेट

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मिलै कोई हमसूं, तुरत करूं भव पारूं । बनानाथ परमारथ कारण,लिया संत अवतारूं ॥ ४ ॥ १२७ ॥ ९९१ ॥

राग रेखता ।

समझ गुरुज्ञान की बातां, मिटी तिहूं तिमरदी रातां ॥टेर ॥ इसकदी दूर है घाटी, वहै विना पाव विखम वाटी । दया गुरुदेवदी भारी, खुली सतधामदी बारी ॥ १ ॥ धरण जल पावक पवन नभ कांयँ, रवी चंद ब्रह्मंडा ज्यां नांयँ । शबद एक गैबमें घुरंदा, महोलै सांमदे मिलंदा ॥ २ ॥ मिल्या निरवाण वांण नाहां, सदा सतरूप एक सांई । अगम अरुं निगम कहत बांणी, सोई हम निश्चै कर जांणी ॥ ३ ॥ समझ संत सैंनेकूं पावै, अगम असथानकूं जावै । फेर भवसिंधु नहीं आवै, विगत बनानाथ यूं गावै॥४॥१२८॥९९३॥

ऐसी विधि जगत बाग फूला, ज्यांमैं जाय वनमाली भूला ॥ टेर ॥ रच्या जिन जगत बाग भारी,न्यारा वो चेतन वनमाली । वृच्छके फल सुख दुख लागैं, जैसा वो बीज होता आगैं ॥ १ ॥ सूक्षम अरु थूल बाग सोभा, हुवा यहै कारण मैं ऊभा । सूकै अरु फेर होय हरिया, यही वनमालीकी किरिया ॥ २ ॥ कारण जैसी होवै किरियां, कारज जैसा ज्यांका सरिया । लिया फल शुभ अशुभ इंच्छया,जैसी मनमालीकी वंछ्या॥३॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

माली मन जोया रूप अपना, बाग जग होय मिटचा सुपना । अमना रही नहीं कोई, कहै बनानाथ जाण आई ॥ ४ ॥ १२९ ॥ ५६७ ॥

ऐसी गुरु सैन दीवी हमकूं, देख्या जब ब्रह्मरूप सबकूं ॥ टेर ॥ सुणो एक सैन कहूं आगी, असत सत खोज लिया पागी । माया अरु ब्रह्म दोऊं देखा, ताका सब संत सुणो लेखा ॥ १ ॥ आवरण बादल ज्यूं माया, रवी ज्यूं चेतन छिपाया । माया घन विचार वायु मेटचा, रवि ज्यूं शुध चेतन भेटचा ॥ २ ॥ रवी ज्यूं चेतन नित थाया, माया घन निजरे नहीं आया । देवल अरु देव नहीं पूजा, आप निज पूरण नहीं दूजा ॥ ३ ॥ दिवी गुरु जियाराम लखता, निरखिया निरगुण निरपखता । अकथ कथणीमें नहीं आता, सोई बनानाथ जांण रैता ॥ ४ ॥ १३० ॥ ५७१ ॥

तत्त्वमसि अरथको ज्ञाता, वेद ता सिमरथकूं गाता ॥ टेर ॥ अकरता आतम अविनासी, अखै अद्वैत एक रासी । दिखावै इच्छामें सृष्टी, आदि अरु अंत मध्य त्रिपुटी ॥ १ ॥ जीव अरु ईश ब्रह्म सोई, माया माई भेद तिहूं होई । नून बीशेष सामाना, अज्ञान अरु ज्ञान विज्ञाना ॥ २ ॥ रैण ज्यूं इच्छा है माया, रवि ज्यूं सच्चिदानंद थाया । रविमैं रजनी कहां पावे, आतम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यूं नित रहै निरदावै ॥ ३ ॥ आतम चेतन प्रकासी, बोध शिवरूप सुखरासी । सोई बनानाथ निरवाणी, आन सब मायाकी हाणी ॥ ४ ॥ १३१ ॥ ६७८ ॥

राग सोरठ ।

फकीरी महासूरनकी सूर । विसै भाव तज्या हंकारा, करी कलपना दूर ॥ टेर ॥ तज हंकार सबी मोह ममता, हुआ जगतसूं दूर । फिकर फकीर तज्या तन मनका, ले वैराग्य करूर ॥ १ ॥ राज भोग इंद्रादि लेकै, सबकूं जांण्या कूर । कण वस्तु इनमैं नहीं कोई, तज्या फकर लख डूर ॥ २ ॥ नव निधि सिद्धि चौवीस फकरके, हाजिर खड़ी हजूर । फकर तजी झूठी कर इनकूँ, परस्या सत चित नूर ॥ ३॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, दिया ज्ञान निज मूर । बनानाथ निरख्या निज नैणां, जाल्या विखै अंकूर ॥ ४ ॥ १३२ ॥ ६७९ ॥

फकीरी रहत निचिंत सुदेव । देखण सुनन कहणसूं न्यारा, चेतन फकर हमेस ॥ टेर ॥ सतगुरु मेहर करी मुझ सेती, दिया ज्ञान उपदेस । सोई ज्ञान श्रद्धा कर लिया, तजिया देश विदेश ॥ १ ॥ जो जो रूप बंधै सोई थूला, उरैं अरु परै मधेस । चौदै लोक इकीसूं ब्रहमंड, यह सब सगुण देस ॥ २ ॥ रंग रूप नहीं आकारा, दकड छोड़ नहीं धेस । अप्रमाण अरु सुंन समाना, निरगुण कहिये विदेस ॥३॥ देस विदेस भाव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह दोनूं मान्या मन हमेस । तीक्षण खडग ज्ञानका ग्येही कर, पारच्या मन नरेस ॥४॥ द्वैत भाव होता मन करके, सो मन रह्या न लेस । जीयाराम गुरु केवल चेतन, बनानाथ सोई सेस ॥ ५ ॥ १३३ ॥ ५८४ ॥

फकीरी निश्चल पद अग्याद । सोई लख्या ज्याकूं लगै न वाणी, निगम कैत यूं अनाद ॥ टेर ॥ निसदिन फकर निरत कर निरख्या, निज आतम लिया सार । आतम सोई रहत परिपूरण, आपःई आप अपार ॥१॥ सूक्षम रूप परम परकासी, ज्यां नहीं थाप उथाप । रेता अगम अगोचर अविगत, नहीं तिरगुण त्रय ताप ॥ २ ॥ उण सिमरथके एक रोमते, ब्रहमंड रच्या अनेक । ता ब्रहमंडमैं भाव किया नाना, सबी देखावै देख ॥३॥ बाहर भीतर सधर पुरुष है, ज्यूं घटमठ आकास । माया घट मठ भेद न ज्यामैं, नभ ज्यूं ब्रह्म थिरवास ॥ ४ ॥ बुद्धि न जान सकै आतमको, मनको थकत उचार । कथ कथ गिरा थकत भई वाणी, कोऊ ले सकै न पार ॥५॥ भाव अभाव नहीं आतममैं, नहीं उनमेष निमेष । बनानाथ आतम ज्यूंका त्यूं, नहीं कोई भेख अभेख ॥ ६ ॥ १३४ ॥ ५९० ॥

फकीरी यह निज परमविवेक। कोऊ कैसकै न आपका मैरम, जांणत आप अलेख ॥ टेर ॥ अनुभौ सदर फकर-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

का आशय, ज्यां नहीं आन उपाद । सो निज आप आतम अविनासी, रहना पुरुष अनाद ॥ १ ॥ ज्याकूं लगै न भाव अकरता, तां करताकां पात । अकरण करण भेद नहीं ज्यामैं, को कोऊ लखै लखात ॥ २ ॥ एक अनेक वचन क्या वरणै, ये वे बंधे न ज्ञात । सो अज्ञात वेद कहे नेती, वचनां अतीत रहात ॥ ३ ॥ निकट न दूर गुपत नहीं प्रगट, नहीं कोई वांण अवांण । बनानाथ है सौ है सोई, येई सनातन जांण ॥ ४ ॥ १३५॥६९४॥

फकीरी ब्रह्मज्ञान सोई ज्ञान । और ज्ञान माया मांई नाना, जिनकूं मिथ्या जान ॥ टेर ॥ नहीं कोई सांच झूठ वा मांही,वो आदि पुरुष अदेश । इच्छा कर बहु भाव देखावे, आप निरंतर वेस ॥ १ ॥ माया सब चेतनके आसै उपजे मिटै हमेस । चुंबक अचल चलै सोई लोहा यूं जड़ चेतन देस ॥२॥ चेतन अखै सबी खै माया, यह निज कहिये विवेक । आप सदा है ज्यूंका त्यूं ही, ज्यां नहीं माया रेख ॥३॥ प्रमाण अप्रमाण नहीं ज्यां माया, नहीं कोई एक अनेक । बनानाथ सोई है निज चेतन, नहीं कोई भेख अभेख ॥ ४ ॥ १३६ ॥ ६९८ ॥

फकीरी केवल ब्रह्म विचार । सत असतका किया निबेडा,तजी असत सतधार ॥टेर॥ जाग्रत सुपन सुखोपति कहिये, यह तीनूं गुण देख । उतपति स्थिति लय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तिरगुणमें तुरीये जाण अदेख॥१॥नहीं उतपति परलामैं आवै, तुरीये ब्रह्म सुदेस । सबदिखलाया आप रहै न्यारा, नित निकलंक निरलेस ॥ २ ॥ जाग्रत सुपन सुखोपति माया, ये जड असत कलेस । तुरीये सत चित आनंद अखंडी, तां नहीं तिरगुण लेस ॥ ३ ॥ तुरीये अतीत सोई है तुरीये, साखी प्रेरक एक । बनानाथ सोई शुध चेतन, नहीं कोई लेख अलेख ॥ ४ ॥ १३७ ॥ ६०२ ॥

बंगाला सोवन सिखरकै बीच, जामैं बाजा बाजैं छतीस ॥ टेर ॥ इस बंगलेकी सधर नींव है, धिन सतगुरु दीनी सीख । जाग्रत सुपन सुखोपति समजो, पोलां तीन तैकीक ॥ १ ॥ इस बंगलामैं अखंड जोत है, नहीं उष्ण नहीं शीत । क्रोड भानु सोमकी शोभा,वो तुरीये तत्त्व अजीत ॥२ ॥ इस बंगलामैं आप विराज्या, अधर दलीचा बीच।समरथ सांम सबीका मालिक,महा भीचनका भीच ॥३॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, जद भेंट्या जगदीश । बनानाथ विगत कर भाखी, लख्या संत सोई ईस ॥ ४ ॥ १३८ ॥ ६०६ ॥

जोगन मैं जोयो रे, सिमरथ सत सबली । जांणे नहीं देउँला रे, ज्यांसूं आवागिवण टली ॥ टेर ॥ प्रेम पियाला सतगुरु पाया,पीवत पारख पड़ी । अजब झरोखे आप विराजैं,निरखै निरत खड़ी । तांती म्हारी लागी रे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तनड़ामें तार रली ॥ १ ॥ अणी अगर पर अधर दली-चा, ज्यूं झलकत चंद्रमणी । दवादस ऊपर दरस्यो दिवाना, सोहं मांझो सांम धणी । बालो मोय लागै रे, ज्यांसूं म्हारी सुरत मिली॥२॥गिगना गाजै अनहद बाजै, छत्तीसूं साज सुरी । वेगम वाणी बिरलां जाणी, जीत निसाण घुरी । धोका नाहीं रे,लाधी मोय मोक्ष गली॥३॥ पूरण पाया सुंन समाया, एकोई एक हरी । बनानाथ गम जांणी जुगत कर, भरमांरी भींत गिरी । गुरुकृपा दरसण पायारे,झिलमिल जोत जली॥४॥१३९॥६१०॥

अज अविनासी रे, सच्चिदानंद अखरे। नितही प्रापत रे, नहीं वो जन्मैं मरे ॥ टेर ॥ अरथ धरम अरु काम मुकतफल, स्वरग नरक बिसतार । आतम सबी भावतैं न्यारा, खेल खेलावणहार । आप निरबंधण रे, नहीं कछु त्यागै न संगरे ॥ १ ॥ जैसे नभ व्यापक घट मठमें, निरालेप एकसार । यूं चेतन सारांको द्रष्टा, निकलंक थया अपार । सिमरथ ऐसा रे,सुतै प्रकाश करे ॥ २ ॥ आतमको परमाण न आवै, अप्रमेय निरा-कार । वां न प्रमाण प्रमाता न प्रमेय, नहीं हलवा नहीं भार । कह्या नहीं जावै रे, अगम निगम करे ॥३॥ज्यां कोई ज्ञान ज्ञेय नहीं ज्ञाता, नहीं ज्यां साधन लिगार । निजस्वरूप अगाध अनादी, अद्वय चेतनसार । बना-नाथ सोई रे, निरभौ नित अगिरे ॥४॥१४०॥६११॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निज तत्त्व ऐसा रे, परतक जाण्यां सई । लागै नहीं क्रिया रे, नित निवरण रई ॥ टेर ॥ आतम ज्ञान खुल्या निज चसमा, है ज्यूं किया निरधार । करता करम नहीं आतममैं, अक्रिय इकसार । पार नहीं वाको रे, ज्ञानीजन सार लई ॥ १ ॥ देखण कहण सुणन सब माया, है मनको विस्तार । भावाभाव अभाव तिहूंबिध, यामैं कलपणहार । आतम द्रष्टा रे, यामैं कछू लिपत नहीं ॥२॥ मन माया आतममांहिं झूठी, ज्यूं नभमैं लील असार । मिथ्या तजी सत किया संगरै, वैदा नहीं लिगार । आतम परचै रै, दुरमत दूर भई ॥३॥ येही ज्ञान कहिये तत सारा, जांणै संत विचार । बनानाथ अनुभौकी सोजी, परगट कही पुकार । जाण आ सांची रे, अगम अरु निगम कई ॥ ४ ॥ १४१ ॥ ६१८ ॥

आप सत जाण्यां रे, निकलंक निरभोई । निरगुण सोजी रे, अनुभौ ज्ञान योई ॥ टेर ॥ आप अनामी नाम सूं न्यारा, उनसैं भया सब नाम । पुरुष प्रकृति निरगुण पंचतत, ठाया यह ठामो ठाम । इनमैं रचना रे, विधि बहु भांत होई ॥ १ ॥ कारण माया कारज विसवै, है वाकै आधार । कारण कारज जड़हैं दोनूं, वोई चेतावणहार । सबको द्रष्टा रे, अकरता अलख सोई ॥ २ ॥ सब घटमैं चेतन परकाशी, ज्यूं सरवां मांई

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सूर । रहै सबमांयँ लिपै नहीं किसमें, सो नित केवल नूर । निरंतर थाया रे, शुभाशुभ नहीं ज्यां दोई ॥३॥ गुणा अतीत त्याग नहीं संग रे, नहीं हलवा नहीं भरा। बनानाथ आतम है सोई, नहीं कारण कारज लिगार । आपनिरवाणीरे, लगैं नहीं वाण कोई ॥४॥१४२॥६२२॥

सिमरथ सोई रे, ज्यांमैं कछु दूजा नांई। दूजा कहांपावैं रे, बंझ्यापुत्र देख्या कांई ॥टेर॥ आतम ख्याली ख्याल देखाया, इंद्रजाल आकार । जो दीसै सो है सब माया, आप देखावणहार। निरंतर थाया रे, द्रष्टा आप सई॥१॥ आगेई हतो अब है सोई, ऐसी तिहूं कालमैं एक सार । भूत भविष्यत वरतमानमैं, चेतन लिपता नहीं लिगार। अनादि आतम रे, ज्यां तिहूं काल नई ॥ २ ॥ आतम चेतन स्वतै प्रकाशी, नित निरगुण निराकार । ज्यांमें ध्यान ध्येय नहीं ध्याता, अव्यय आप अपार। पार नहीं आवैं रे, अगम निगम कथके रई ॥ ३ ॥ हेती नेती भाव न ज्यामैं, नहीं कोई जीतनहार । बनानाथ सोई स्वरूप हमारा, नहीं कोई दिरस विकार । सूज आ म्हारी रे, नित निरभेद सई ॥ ४ ॥ १४३ ॥ ६२६ ॥

रवी ज्यूं चेतन रे, स्वतै परकाश कीयां । रजनी माया रे, नहीं कोई तिमिर तीयां ॥ टेर ॥ अधिष्ठान चेतनकै मांई, मन कलपत विसतार । चवदै लोक इकीसूं ब्रहमंड,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain; Digitizagtion by eGangotri

इनमैं भेद अपार। शुभाशुभ वरतै रे, सुख अरु दुख ईयां॥१॥नित चेतन निरवांण अचाइ,वो सबमैं निरभेद। जल डूबै न जलै पावकमैं,ससतर सकै न छेद। भेदै नहीं कोई रे, उतपति परलै हूयां॥ २॥ चेतनमैं मनमाया नाहीं, नहीं विधि निषेध उपाद। अनिर्वाच आप निज चेतन, नहीं वाको अंत न आद। मध्य नहीं कोई रे, रहै सही जाण लीया॥ ३॥ नहीं कोई करता नहीं कोई अकरता, ज्ञान अज्ञान न कोय। बनानाथ शुद्ध स्वरूप हमारा, नहीं एक नहीं दोय। अनुभव भौ कोई रे, लख्य सब संत ईयां॥ ४॥ १४४॥ ६३०॥

भूमिका सातूं रे, ज्यूं निरणैं कियां। ज्ञान निज योई रे, वेद संत साख दीयां॥ टेर॥ शुभ इच्छा अरु शुभ विचारणा, तनुमानसा तीन। स्थूल शरीर अवस्था जाग्रत, लखै संत परवीन। शुद्ध स्वरूप परसै रे, मनको प्रतिहार कीयां॥ १॥ सत्त्वापती भूमिका चौथी, सुपन अवस्था जान। आतम जग दोऊं दरस्या भलीविध, अनुभौ उदै भया ज्ञान। लहर जग जाण्या रे, आतम नीर थयां॥ २॥ सुखोपती अवस्था कहिये, ज्यां छूटा तन अभिमान। असंग संगति भूमिका पंचमी, शुद्ध स्वरूपी जान। संगकर रहित रे, निरभै पद लीयां॥३॥ नाम रूप पदारथ सबकी, बुद्धि मायैं पिछाण। छठी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका तुरिये चेतन, ज्यां बुध पदारथ हाण । भाण ज्यूं चेतन रे, तिमिर नहीं लेस तीयां ॥ ४ ॥ तुरीये अतीत भूमिका सप्तमी, चेतन शुद्ध स्वरूप । भाव अभाव नहीं ज्यां मांई, सोई बनानाथ अनूप । भूमिका कैसी रे, द्रष्टा आप जीयां ॥ ५ ॥ १४५ ॥ ६३५ ॥

जथारथ जाण्या रे, खोजी खोज कीयां । हे ज्यूं भारी रे, कही सब संत ईयां ॥ टेर ॥ श्रवण सबै संत-नकी शाखा, सुण कर किया विहार । निरगुण सगुण भाव अनादी, यह श्रवणकी सार । प्रेमसूं परसै रे, हरी रस हेत लीयां ॥ १ ॥ मनण जथारथ मान वचनकूं, सत मिथ्या ली सार । निरगुण अखै सबी सगुण खे, सो मन लीनी धार । सार सतगुरुकी रे, जोई जुगत ईयां ॥ २ ॥ निदिध्यासन काष्ठ ज्यूं माया, मथणी किया अभ्यास । काष्ठ जली अगन भई परगट, यूं चेतन पर-कास । रवी ज्यूं थाया रे, नहीं कोई तिमिर तीयां ॥३॥ साक्षातकार सदा शुध केवल, ज्यूं कंचन परकार । भूषण नाम नहीं ता माहीं, विनमांया ब्रह्म अपार । पार नहिं वाको रे, ज्यूं जांण रीयां ॥४॥ श्रवण मनन नि-दिध्यासन करकै, साक्षात किया है विचार । बनानाथ द्रष्टा है सबको, सबकूं जाणनहार । भेद नहीं कोई रे, अपणा आप जीया ॥ ५ ॥ १४६ ॥ ६४० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग ।

वचन सत सांभलो सई रे, साधो नित निरगुण निराकार ॥ टेर ॥ स्वर्ग मृत्यु पाताल लोक ये, रह्या भूलकूं धार। असत जडमैं कलपत सबही, कर रया संत पुकार ॥ १ ॥ वेद संतकी साख समझकर, निज आतम सिया सार। ता आतमके सबी आसरै, सबकूं प्रेरणहार ॥२॥ सकल सृष्टिमैं आप अचाई,लोचन अनंत विचार। सत चित आनंद आप एकसा, ज्यामैं नहीं संसार॥ ३ ॥ आगम निगम वाणी नहीं लागै, ज्यां सब थकत उचार। बनानाथ मैरम कै मांई, लख रया अलख अपार ॥ ४ ॥ १४७ ॥ ६४४ ॥

पद सिद्धान्तका राग ।

वाक्य ये सिद्धांतका सई रे, साधो सुरती करत पुकार ॥टेर॥ वार पार वाको नहीं आवै, सो है अगम अपार। आदि न मध्य तीनु वांमैं, पावै नहीं लिगार ॥ १ ॥ सो आतम की पलमैं सृष्टि, हुए मिटै केई वार। आप अचल सबहीको द्रष्टा, साखी जाणनहार ॥ २ ॥ कारण मिथ्यां कारज कहां पावै, यह वह सबी असार। है ज्या मैं वायक नहीं लागै, यही जाण निरधार ॥ ३ ॥ एकरु दोय अनेक न वामैं, नहीं हलवा नहीं भार। बनानाथ कोऊ ज्ञात न बंधै, येही हमारी सार ॥४॥ १४८॥६४८॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग।

साधो भाई सबको द्रष्टा सांई। चारूं भाव सत्ता दिखलावै, आप सत्ता दुई नाई ॥ टेर ॥ निरालेप निरगुण आदि तां, उतपति विसवै नाई। कंचनमैं आभूषण इच्छा, प्रागभाव ओ लखाई ॥ १ ॥ वस्तु एक अनंत घट वातैं, गुण किरिया जुई जुई। लोहा एक अनंत भया ससतर, भाव अन्यो अन्य हुई ॥ २ ॥ सूक्षम स्थूल लीन कारणमैं, जो ज्यातैं हुवा जाई। बुद-बुदा फैन तरंग जलमई, यूं भाव प्रध्वंसा मांई ॥ ३ ॥ उतपति थिती लय नहीं तामैं, सो तुरीये दरसाई। ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय नहीं लागे, भाव अत्यंत कहाई ॥ ४ ॥ भाव अभाव सदा कलपत ह्युंई, ज्यूं मृगतिसना झांई। आप सदा है ज्यूंका त्यूंइ, भाव अभाव न काई ॥ ५ ॥ कहिबो चेतन सुनबो चेतन, दसैं चेतन सोई। बनानाथ जाणै सोई चेतन, चेतन विनां न कोई॥६॥१४९॥६५४॥

साधो भाई शुद्धस्वरूप अपारा, मन बुद्धी वाणी नहीं पहुंचै, आपही जाणनहारा ॥ टेर ॥ जाग्रत सुपन सुखोपति तुरीया, धरी अवस्था चारूं। सबमैं सहज निरंतर वासा, रवि ज्यूं कला पसारूं ॥ १ ॥ जाग्रत सुपन सुषोपति तीनू, तुरीये करके थाया। ज्यूं अवनीके मध्य सुमेरू, रजनी वाकी छाया ॥ २ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रजनी माय भेद दोय हूवा, न्यून विशेषहीं ठाना।
तारा न्यून विशेष चंद्रमा, रजनी मांय समाना ॥ ३ ॥
जाग्रत जाण न्यून तारां सम, चंद ज्यूं सुपन विशेषा।
सुषोपति रजनी ज्यूं कहिये, अपरकाश हंमेसा ॥ ४ ॥
न्यून विशेष समान तिहूंबिध, यह चित मानी सारी।
तुरीये चित्त सुमेरू ज्युंई, तिरगुणका हंकारी ॥ ५ ॥
चित हंकार सुमेरू जाणये, जिन तिहुं भेद दिखाया।
नित चेतन परकाश रवीज्यूं, चित समेरू नहीं माया ॥ ६ ॥ अवस्था अतीत सदा निरबंधण, नहीं अवस्था काई। बनानाथ आपकी निश्चै, कर निरणै दरसाई ॥ ७ ॥ १५० ॥ ६६१ ॥

राग।

यह केवल सिद्धांत हमारा, कहै वेदांत संत जन सारा ॥ टेर ॥ मैं हूं अगम अगोचर राया, आदि अंत मध्य नहीं मेरे काया। पहानतैं पुतरी कहा न्यारी, मेरी सत्ताकर सृष्टी सारी ॥ १ ॥ पुतरी नाम कहणका होई, पहानमें पुतरी नहीं कोई। यूं आतममें जग नहीं पावै, आतम अचल गया नहीं आवै ॥ २ ॥ हुई मिटी सोई माया निसाणी, जैसें मृगतृष्णाका पाणी। कलपत भाव अभाव कहाया, हम द्रष्टा कोउ गया न आया ॥३॥ मेरी जाणका वार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

न पारा, हम जाण सदा एक सारा । बनानाथ सोई निरवाणी, द्वैताद्वैत लगै नहीं वाणी ॥४॥१६१॥६६८॥

राग ।

साधो भाई आतम सदा अफुरता । करता अरु अकरता दोनूं, यह तो स्वतै वरतता ॥ टेर ॥ होण-हार हुआ जिन कारण, जाग्रत सुपन निमंता । सबमैं सत्ता एकसी कहिये, निरमल रहै न चिंता ॥१॥ कारण देश काल अरु करता, कारज वस्तु सहेता । शुद्धस्वरूप सकल परकासी, नहीं कोई गया न आता ॥ २ ॥ अगम निगम वाणी नहीं लागै, नहीं ज्ञान ज्ञेय ज्ञाता । आतम अरु परमातम एकौ, गूंगौ गिरा न गाता ॥३॥ भेदाभेद अभेद न ज्यांमैं, नहीं ध्यान ध्येय ध्याता । बनानाथ है ज्यूंका त्यूंई, शोभाखी निरभेता ॥४॥१६२॥६६९॥

साधो भाई यह निश्चा मोमांई । हम तैं स्वतै अकरता करता, मैं द्रष्टा यह नाहीं ॥टेर॥हमही अखै अद्वैत अप्रबल, इच्छा सुतै उपाई । ता इच्छामैं किया पसारा, भाव अनंतां थाई ॥ १ ॥ ज्ञाताज्ञात अज्ञात तिहूं विध, यह इच्छाकै मांई । हम इच्छा कूं प्रेरणहारा, सत चित आनँद गुसाईं ॥ २ ॥ मेरा स्वरूप सदा नभ ज्यूं थिर, बणै मिटै कबुनांई । इच्छा भाव अभाव न मोमैं, मैं हूं आदि सदाई॥३॥ज्ञान अज्ञान विज्ञान न मोमैं, नहीं एक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नहीं दोई। बनानाथ है नहीं बीचमैं, नित चेतन निर-मोई ॥ ४ ॥ १९३ ॥ ६७३ ॥

साधो भाई तुरीया अतीत रवाई। उरे परे आगा नहीं पीछा, नहीं परगट गुपताई ॥ टेर ॥ कारण सूक्षम स्थूल तिहूं देहा, मेरी सत्ताकर थाई। तिरगुण मांय भाव बहु-भांती, जुदा जुदा दिखलाई ॥१॥ जाग्रत सुपन सुषोपति माया, सबमें सत्ता अचाई। सारा खेल सत्त दिखलावे, सबैंत रहै निरदाई ॥ २ ॥ देखण कहण सुणन यह माया, सो मिथ्या दरसाई। आप सदा माया विन थाया, कारण लेश नहीं काई ॥ ३ ॥ मेरी सत्ता अमर अविनाशी, विधि निषेध नहीं पाई। बनानाथ बोध सोई बोधक, जाण हमारी आई ॥ ४ ॥ १९४ ॥ ६७७ ॥

साधो भाई शुद्धस्वरूप सुखदाई। परतकही परवाण ज्ञान यह, जाणी जाण सदाई ॥ टेर ॥ ब्रह्म रवीज्यूं रहत अकरता, ज्यां किरिया नहीं काई। सत्ता घाम अद्रसज्यूं माया, अगनी ज्यूं जीव उपाई ॥ १ ॥ ब्रह्म जीव मायातैं भूला, फेर पीछा समजाई। रुपिया गोल आंकतै कहियै, रूपा नाम सदाई ॥ २ ॥ साखी नामरूपको आतम, लिपै नहीं कोउ माई। नभ घटमैं व्यापक फेर न्यारा, यूं आतम है सांई ॥ ३ ॥ अपणी सत्ता आपकै माँईं, भिन्न भाव नहीं काई। बनानाथ बोध सोई बोधक, अपणो जाण जणाई ॥ ४ ॥ १९५ ॥ ६८१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साधो भाई अज्ञेय स्वरूप हमारा । सुरती अरु सिमरति दोनूं, परगट करैं पुकारा ॥ टेर ॥ धर अंबर अगम पवन पाणी नाहीं, नहीं कोई करम न काया । शेष सोई आतम अविनाशी, निरबंधन निरदाया ॥ १ ॥ जाग्रत सुपन सुखोपति तुरीये, भाव बंधै सोई माया । निरमाया निरवाण निरंतर, अवस्था अतीत रह-वाया ॥ २ ॥ वहां तो कृत्त अकृत्त न कोई, बुद्धि बोध न पाया । नहीं कोई गोचर नहीं अगोचर, नहीं प्रगट गुपताया ॥३॥ गुपतको साखी प्रगटको द्रष्टा, चेतन ब्रह्म अजाया । बनानाथ है अनंत प्रकाशी, अमल अछेद अथाया ॥ ४ ॥ १९६ ॥ ६८९ ॥

साधो भाई निजस्वरूप निरवाणी । अगम निगम कोई पार न पावैं, आतम ज्ञानी जाणी ॥ टेर ॥ आतम अनंत अखै शुध चेतन, नहीं वार नहीं पारा । धरमाधरम अधरम न वामैं, आपोई आप अपारा ॥ १ ॥ आदि अरु अंत मध्य नहीं वाको, नहीं कोई भूल सयांणा । उरै परै ऊंचा नहीं नीचा, नित चेतन निरवाणा ॥ २ ॥ वां नहीं करम उपासन ज्ञानां, नहीं कोई जाप अजापा । देश काल वस्तू गुण नाहीं, नहीं कोई थाप उथापा ॥ ३ ॥ सरगुण निरगुण भाव न ज्यामैं, नहीं आकार निराकारा । ज्यां नहीं प्रोक्ष नहीं अपरोक्ष,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नहीं कोई मिल्या न न्यारा ॥४॥ हेती अरु नेती नहीं ज्यामैं, दोउं वचनकी हार्णी। बनानाथ आपकी सोजी, चेतन आप पिछाणी ॥ ५ ॥ १५७ ॥ ६९० ॥

साधो भाई आतम अचल अनइच्छया। शुद्धस्वरूप अरूप आप तां, बंध मोक्ष नहीं वंच्छया ॥टेर॥ जलमें जोय उपाधि पवनकी, तरंग बुदबुदा फेना। यूं आतममैं इच्छाईतैं, भाव तिरगुणका माना॥१॥ तमगुण ब्रह्म सतोगुण ईश्वर, रजोगुण जीव कहाई। ये तिहूं उतपति खपतिमैं सैमल, यामैं आई जाई ॥२॥ जीव ईश ब्रह्म असत अनातम, सत आतम निरदाया। ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय तां नाहीं, सत चित आनँद अथाया ॥ ३ ॥ आतम स्वतै देखाई इच्छा, ज्यूं मृगतृष्णा झांई। इच्छा भाव अभाव तिहूं विध, सो आतम मैं नांई ॥४॥ है है कहतां नहीं आकारा, नहीं नहीं कां निराकारा। बनानाथ है अचल अपरोक्ष, स्वतै प्रकाशित सारा ॥ ५ ॥ १५८ ॥ ६९५ ॥

साधो भाई चेतन द्रष्टा सोई। चर्म सर्म दिव्यदृष्टि तां नांई, एक दोय नहीं कोई ॥ टेर ॥ तरुजर सरप दरार रज्जुतैं, रजनीमैं भरमाणा। यूं आतम अज्ञान दृष्टतैं, तिरगुण थाप बंधाणा ॥ १॥ तीनूं भेद भया मायामैं, न्यून विशेष समाना। जाग्रत न्यून

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुपन विशेषा, अरु सुषोपति समाना ॥ २ ॥ विसवै जीव अज्ञान आचरण, सो जाग्रत ही लेखा । तरुजर भरम ज्यूं जीव जान्या, चर्म दृष्टिकर देखा ॥ ३ ॥ तेजस जीव अरु ज्ञान आहारा, सोई सुपन कहाई । अहीभरम ज्यूं जीव बखाना, दिव्य दृष्टि ये थाई ॥४॥ भूमि दरार भरम ज्यूं जीव है. समदृष्टि है सोई । प्राज्ञ समान भोग विज्ञाना, सुखोपति कहिये योई ॥ ५ ॥ रज्जुदृष्टि ज्यूं आतम चेतन, अनुभौ भाण प्रकासा । विश्वै तैजस प्राज्ञ विलाना, सत आतम निरआसा ॥ ६ ॥ द्वैताद्वैत नहीं आतममैं, शुद्धा अद्वैत अपारा । बनानाथ सोई अनिरवाच्य है, आप ही जाणनहारा ॥ ७ ॥ १६९ ॥ ७०२ ॥

ज्ञान गुरुदेवका सही रे साधो, लख्या सोई भवपार ॥ टेर ॥ सतगुरु मोरी सुनो वीनती, अरज करूं करतार । भवसिंधूसूं करो कनारै, निराधारां आधार ॥१॥ लखचौरासी जीवाजूंनमैं, फेरा फिरया अपार । मैं शिष्य शरण तुम्हारी आया, अब मोय लेवो उबार ॥ २ ॥ अनंत उपाधि लगी गुरु मेरे, एक एक अधिकार । ज्ञान खड्ग मोय देवो दया कर, काट होऊं भवपार ॥ ३ ॥ तुम बिन सकल सृष्टिमें नाहीं, ऐसो कोउ दातार । वेद संत सतगुरुकूं वरणै, सोई निश्चा लिया धार ॥ ४ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुरु किरपा हुवै ज्ञान परापत, छूटै सबी विकार। बंघन कटै होवै निरबन्धन, पावै मोक्ष दुवार ॥ ५ ॥ केवल ज्ञान दिया गुरु हमकूं, जाण्या सार असार। आतम सत असत अनआतम, परख किया निरधार ॥६॥ सतमैं स्थितो असतकी हाणी, निश्चै योई विचार। सतगुरु मिल्यां ऐसी विधि सूझै, परगट कही पुकार ॥ ७ ॥ जीयाराम गुरु पर उपकारी, दातारां दातार। सो सीधा सो सतगुरु करकै, बनानाथ कही सार ॥ ८ ॥ १६० ॥ ७१० ॥

राग।

साधो भाई अपणा आप अथाया। मायागुण किरियाको द्रष्टा, सो कहूं गया न आया ॥टेर॥ सत चित आनंद आप अखंडी, ता तै अंस फंटाया। एकतैं जीव अनेक बनायके, माया किया मन भाया॥ १ ॥ सोई माया मूल अविद्या, तामैं तिरगुण थाया। सतगुण ज्ञान अज्ञान रजोतम, निज ज्ञान निरदाया ॥ २ ॥ जबलग निज ज्ञान नहीं प्रापत, तबलग बहु दुख पाया। न्यून विशेष समान गुणमई, धरी अनंतां काया ॥३॥ उलाटा अंश पलट मायातैं, अपणा ज्ञान जगाया । मायाजाल छेद भया न्यारा, दूजा भेद मिटाया ॥ ४ ॥ आतम अंश सोई परमातम, शुद्ध अद्वैत अजाया। अपणा स्वरूप

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सदा ज्यूं का त्यूं, ज्ञान अज्ञान माया ॥ ५ ॥ निज पद शुद्ध सनातन द्रष्टा, आपोई आप रैवाया। बनानाथ निरवाणी वाणी, परतक कहैं दरसाया॥६ ॥ १६१॥७१६॥

साधो भाई मायामें द्वैत विलासा । अनहोती होती भई माया, ज्ञान भया हुवै नासा ॥ टेर ॥ ब्रह्मा विष्णु महेश ईश्वरी,यां मिल जाल पसारा। सब जीवनपै जाल डारकै, गिरिया जीव अपारा॥ १ ॥ तीन गुणां मांई जीव अलुज्या, उतपति अस्थिति है हाणी। माया भूल इनीका कारण, सब जीवनकी खाणी ॥२॥ पांव पाताल सीस आकासां,उदर दसूं दिस छाई। माया जीव किया अपणै वस, बार जाणदै नांई॥३॥एक उपाय माया छूटणकी, गुरु सरणे चल जावै। गुरु हढ ज्ञान देवै निजपदका, माया जाल मिटावै ॥ ४ ॥ वेद-वचन गुरु जुगती करके, सरवण सबद सुणाया। मन मनन निदिध्यासन करकै, सुध साक्षात लखाया ॥५॥ एक अनेक जीव मायातैं, ज्यूं रवि बिंब अनेका। माया घट जल भेद विलासा, ब्रह्म जीव सोइ एका ॥ ६ ॥ शिव विष्णु ब्रह्मादिक वंछै, निश्चल पद निरदाया। जीयाराम गुरुसूं ले जुगती, बनानाथ पद पाया ॥ ७॥ १६३॥ ७२३ ॥

समज्या संत परमपद परस्या, जां लग पहुँचतसूरा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आदि पुरुष ओलख्या अंदर, हरदम सदा हजूरा ॥ टेर॥ परथम आदि पुरुष अविनासी, जां तिरगुण नहीं माया। रचना विना ब्रह्म निजनामी, आपोई आप रवाया ॥१॥ सो निरभेद भेद नहीं तामैं, नहीं कोई वाद विवादि। उण समरथका ज्ञान अपारा, पुरुष पुरातन आदि ॥ २ ॥ आदि पुरुष इच्छा शक्तीसूं, रचिया जगत पसारा। समज्या सो सत शबदां लागा, धरम बँध्या जग सारा ॥ ३ ॥ आरम्भ आद अमावस रचिया, सुरत शबद घर लाया। अपणा नूर निरंतर निरखो, निरमल निरगुण राया ॥४॥ पडवा पवन पिछाण्या पागी, अरध उरध लिव लागी। उलटी कला अखंड उजाला, जोत दसूं दिस जागी ॥ ५ ॥ बीचे बीच ऊगीया चंदा, निवण करे नव खंडा। दिन दिन कला सवाई दरसै, आप बहैं ब्रहमंडा ॥ ६ ॥ तीजमैं तार लगी त्रिवेणी, शबद चढ़चा टंकसाला। हीरा चोट सहे सिर घणकी, यूं दृढ मत गुरुवाला ॥ ७ ॥ चौथमें चहुं दिस भँवर गुंजाया, गिगनमंडल गरणाया। बारोई मेघ मलार उलटकर, विरह बादल बरसाया ॥ ८ ॥ पांचम पुरुष पींजरे पूरा, सुंन घरपूगा सूरा। सैंस कली पर करत किलोला, बाजत, अनहद तूरा ॥ ९ ॥ छठम अटल बिरछाकी छाया, गरज्यो गिगन सवाया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मोरचा आंब मुकत फल लागा, सुघड सूबे चढ़ खाया ॥ १० ॥ सातम छोड खलककी आसा, आसा भई निरासा । अदर दलिचे आप विराजै, जां नहीं काल तिरासा ॥ ११ ॥ आठम अचल ब्रह्म अविनासी, वार-पार नहीं कोई । नित निरलेप लेप नहिं लागै, ज्ञानीकी स्थित सेोई ॥ १२ ॥ नवमो नाथ निरंजन राया, अंजन दरसे माया । आप सदा माया विन थाया, लखै संत निरदाया ॥ १३ ॥ दशम दसूं दिशा पर देवा, सुर नर वाकी सेवा । सकल निरंतर व्यापक सांई, ऐसा अलख अभेवा ॥ १४ ॥ एक इग्यारस एकुंकारा, जीव ब्रह्म एक सारा । दुई विना दूजा नहीं दरसै, सब घट सिरजणहारा ॥ १५ ॥ बारस बावन अक्षर बाहिरे, पार ब्रह्म थिरथाया । सो ब्रह्म लख्या बक्या निजअनुभौ परगट भाष सुणाया ॥ १६ ॥ तेरस तोल मोल नहीं आवै, कैणी लगै न काई । जाणी जाण रहा एकसारा, शुद्ध स्वरूप सुखदाई ॥ १७ ॥ चवदस चार वेद षट सास्तर, गीतामैं यूं गावै । एको ब्रह्म नासती दुतिये, साख सुण्या पत आवैं ॥ १८ ॥ पूनम पारब्रह्म पदपूरा, सतगुरु सही लखाया । सोलै कला समझ कर भाषी, सत सुघड़ नर गाया ॥ १९ ॥ चार सांगमैं चेतन सामल,गिरे आश्रम त्यागी । परम हंस लग ब्रह्म एक सारा, लखैसो है बड़भागी ॥ २० ॥ सोलै कला कही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निरणै कर, सो गुरुमुख जिन जाणी। हठ जोग सांख्य वेदांत समझ कर, कही निरवाणी वाणी ॥ २१ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, पारब्रह्म परसाया। बनानाथ निज जुगती जाण्या, अवर घरूं नहीं काया॥ ॥ २२ ॥ १६३ ॥ ७४८ ॥

साधो भाई नित आतम निरदाया। ज्ञान विना जीव मायामैं भासै, मिटै ज्ञानतैं माया ॥ टेर ॥ इच्छा आदी ईश्वरी माया, तातैं तिरगुण थाया। रजगुण उतपति थिति सतगुणतैं, लीन तमोगुण माया ॥ १ ॥ उतपति थिति लय भेद तिहूंमैं, जीव अनंत देखाया। आप अजीव अनादि केवल, सभर भरया निरदाया ॥ २ ॥ माया अस्त अनादि कलपत, सत आतम सुखदाया। रविमें लेश निशा नहीं पावैं, यूं चेतन ब्रह्मराया ॥ ३ ॥ अनुभौ ज्ञान कहा आतमका, लख्या सो निरभै थाया। कहै बनानाथ सुणो भाई साधो, कर निरणै दरसाया ॥ ४ ॥ १६४ ॥ ७४९ ॥

राग परभाती।

मैं रैता परमातमा, ज्यांकी कहूं रे निसाणी। मेरा स्वरूप अनादिका, तूं क्या लखत अजाणी ॥ टेर ॥ मेरी सत्ता निज आतमा, तातैं चउ खाणी। मैं प्रेरक सब जीवका, मेरी कबुव न हाणी ॥ १ ॥ उपजै मिटै

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

फेर होत है, त्रिविध ताप लगाणी । त्यूं तैं जाण चोथी जुदी, जाका है हम जाणी ॥ २ ॥ आदि अंत मध्यकूं लखै, साखी जाण कहाणी । मन आतम परलै गया, आ साखा परवाणी ॥३॥ हम परलाके बार हैं, जाणी जाण रेहाणी । असंख जुगांके आगली, कैई ये सिंध पुराणी ॥ ४ ॥ सरब सलूणा श्याम है, नूरी नित निर-वाणी । बनानाथ शुध बोध है, बोधक सही परवाणी ॥ ५ ॥ १६६ ॥ ७५४ ॥

ये निश्चा निरवाण है निरवाणी वाणी । निरवाणी निर्वाण है निरवाणी जाणी॥टेर॥शुद्ध स्वरूप परमातमा, सो है सदा विज्ञाना । जाग्रत सुपन सुखोपती, तुरीया दै ग्यांना ॥१॥ जाग्रत झबका जगतका, सो है आदि पसारा । सब इन्द्रयां का भोगता, विसवै जीव विचारा ॥२॥ नव तत्त्वनका सुपन है, सोई मध्य कहाई । संक-लप विकलप भोगता, तेजस जीव रैहाई ॥ ३ ॥ सुन सुखोपति अंतमैं, जाग्रत सुपन विलाना । सो भोगी सामानका, प्राज्ञ जीव बखाना ॥ ४ ॥ साखी अवस्था तीनका, तुरीये तदरूपा । आदि अंत मध्यतैं परे, सोहै अमल अनूपा ॥ ५ ॥ तुरीये तुरीये अतीत है, रवि कला ज्यूं एका । भेद अवस्था तां नहीं, जां दूजा नहीं लेखा ॥ ६ ॥ मम महरम अद्वैत है, नहीं निकट

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नहीं दूरा । बनानाथ अदभुत गती, लखसी संत सूरा ॥ ७ ॥ १६६ ॥ ७६१ ॥

साधो भाई नित निरगुण निरभोई । अपणी जाग आप ही जाँणैं, विधी निषेध न दोई ॥ टेर ॥ गुण निरगुणकी कहूं हकीकत, सुणो संत जन सारा । निरगुण निरालेप निराकारा, है तिरगुण आकारा ॥१॥ निरगुण ब्रह्म चेतावे तिरगुण, योई है तिरिविध भेदा । मल वि-छेप दोष आवरणकी, जुई जुई दै वेदा ॥२॥ विसवै जीव स्थूल देह जाग्रत, पनरै तत्त्वका मापा । इंद्रियां विषै भोग भुगतावैं, बंधा दोष मल आपा ॥३॥ तैजस जीव देह पुनि सूक्षम, नव तत्त्वनकी थाई । संकलप विकलप भोग सुपनमैं, दोख विछेपता पाई ॥ ४ ॥ प्राज्ञ जीव देह है कारण, सुखोपति मांहे भूला । भोग सैमान दोष पुनि आवरण, सो सब लेखा ऊला ॥५॥ निरगुण ब्रह्म अभेद अनादी, निजानंद निजरूपा । तिरगुण असत सत सचिदानंद, अपणा आप अनूपा ॥ ६ ॥ ये निर-गुण तिरगुणका निश्चा, अगम निगम कहे ताही । बनानाथ निरगुण निरबंधण, तां तिरगुण नहीं काही ॥ ७ ॥ १६७ ॥ ७६८ ॥

या सतगुरुजी री सोजीरे, साधो अगम निगम कहै दोजी।सतवादी सिष लहे पारखी, सकल भरम दै खोजी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ टेर ॥ माया ब्रह्म भया दोऊ मिश्रित, रची तिरगुण ताबाजी । ता संजोग जीव होय भरम्या, अपणा रूप भूलाजी ॥ १ ॥ सकल सृष्टिका सतगुरु मालिक, ज्यां के पूंजी सोजी । सत असत का करत निवेड़ा । माया ब्रह्मका खोजी ॥२॥ गुरुका शबद सुण्या शिष्य सरवण, ताते मन लागा जी । बहुत जुगनका जीव अचेतन, गुरुगम सुण जाग्या जी ॥३॥ सारासार वि-चार्‍या गुरुमुख, सतगुण बोध गया जी । माया अंश तज्या रस तम गुण, निश्चै ब्रह्म लण्या जी ॥ ४ ॥ व्यापक ब्रह्म अचर चर मांई, सदा निरंतर रहै जी । माया भेद नहीं ता भीतर, सोई सनातन मांजी ॥ ५ ॥ सतकी सैन कही हम सबकूं, जाणो पंडित काजी । बनानाथ गुरुमुख जिन पूगा, वेमुख डूबा पाजी ॥ ६ ॥ १६८ ॥ ७७४ ॥

इच्छा तीन बताई रे साधो, येई जाण रहा जाणी । अपणी ठोड ठोड कई इच्छा, आप रहत निरवाणी ॥ टेर ॥ इच्छा अरु परमारथ इच्छा, अनइच्छा तिहूं ठानी । इन तीनांकी जाण जुई जुई, कर निरणै कहूं वाणी ॥ १ ॥ इच्छा अरथ विचारै आदी, बेहद ब्रह्म स्वरूपा । कर अंहकार पुरुषकी प्रकृती, धरया अनंता रूपा ॥ २ ॥ परमारथ इच्छा है पूरी, ज्यां स्वारथकी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हाणी । एको ब्रह्म नासती दुतीये, इच्छा परमारथ जाणी ॥ ३ ॥ अनइच्छा आतम नित चेतन, ज्यां नहीं व्याप अव्यापा । आदि अनादि सनातन सोहं, जाणे अन-इच्छया मापा ॥ ४ ॥ अपणाआप अमर अविनासी, निजानंद निज साईं । ज्यां इच्छा वे इच्छा नाहीं, सरबा अतित गुसाईं ॥ ५ ॥ इच्छा तीन भेद गुण भाखै, रती फरक नहीं कोई । भेदाभेद रहित आतमा, बनानाथ है सोई ॥ ६ ॥ १६९ ॥ ७८० ॥

सो साधू निज जगतमैं, गंगोदक पाणी । जो जावै ज्यां का मल हरै, ताकूं वेद बखाणी ॥ टेर ॥ नाम लेत विस-वासका, अवास एक नहीं पालैं । धके पडे सोई आचरैं, नीच दृष्टि निहालैं ॥१॥ बड़ा बचन कहै जगतमें, अप-णी मति छोटी । श्वान भोग किम करसकैं, हथणी भई मोटी ॥२॥ हथणीका महातम बड़ा, ताकै गज जोडै । गति मति वाकी एक है, नीची बुद्धि न मोड़ै ॥ ३ ॥ ऊंचा पद बंछै सबै, जो गुरु गम बतावैं । तब पावै ऊँची गती, सो निज संत कहावैं ॥ ४ ॥ मान बड़ाई सब तजैं, सो संत रहैं निसकामी । बनानाथ उण संतकूं, कीजै कोटि सलामी ॥ ५ ॥ १७० ॥ ७८५ ॥

सुरत सुण बावरी तेरो, बीतो जाय बेवार । सुरत सुण बावरी तेरो,बीतो जाय बेवार ॥ टेक ॥ ओ संसार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ओसको पाणी। याकी तजो सब आस। घाम पड़ै जब सूके सबेरे। ओ जग निमक निवास ॥१॥ केई वार जीव्रा जूंण भोगी। अब नरतन पायो रे गिवार। होय सनमुख सायबसूं अभागी, तनै सतगुरु कहत पुकार ॥२॥ गुरु संतनको संग सत जाणो,तजो जग असत असार। सिंध देवैं साची सतगुरुजी, पलमैं करैं भवपार ॥३॥ सास उस्वास समर शारंगधर, ये दै गुरु निजसार। वास वसै ब्रह्मंडमैं तेरा, ज्यां भय नहीं लिगार ॥ ४ ॥ सतगुरु मिल्या टल्या भवसिंधुसूं, गाया गुण गोपाल। प्रेरकसब पृथ्वीको पालक, बनानाथ रैंया न्याल ५।१७१।७९०

पीयाजीके दरसणकी, लगरई अजब उमेद ॥ टेर ॥ पीया पीया कर सबी पुकारैं, कर सवागी हाल। प्यारी नाम उनीका कहिये, लगी कलेजे भाल ॥ १ ॥ ब्रहन जारी सबसूं न्यारी, कया जोगणियां भेस। अवघट घाट वाट विन वेणा, चली पियाजीके देस ॥२॥ हमकूं मोही पीया निरमोही, बडो कठण दिलदार। बेदरदीकूं दया न आवै, कबहुं न बूझी मेरी सार ॥ ३ ॥ पिय दरश विन चैन न आवै, होयरई हवाल बेहाल। दरश दिखाय दया करी मोकूं, ब्रहनीके रिछपाल ॥ ४ ॥ पिया वदन पर जाऊं बलिहारी, मुख देखत दुख जाय।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृपा करी किरपाला कंठ बिच, विरहनि लीवी लगाया ॥ ५ ॥ अब मेरे चितमें चैन भया, मैं होरही लाल गुलाल । बनानाथ ये भाव विरहको, मिट्या जगतका ख्याल ॥ ६ ॥ १७२ ॥ ७९६ ॥

साधो रे चित चेतन करीया, विन पारख पावो नहीं, निश्चै रहसो अलिया ॥ टेर ॥ तीन देह उतपति करी, आप गुण होये भिलिया, घट घट माया मन बंध्यो, भवसागर कलिया ॥ १ ॥ वेहद वृक्ष अनूप है, छाया हद नीचा । प्रतिबिंबतैं फल ना मिलैं, फल तो रहगया ऊंचा ॥ २ ॥ सरवां ज्यूं घट जांणियैं, चैतन ज्यूं चंदा । भांडा फूटा भरमका, दूजा मिट गया फंदा ॥३॥ द्रिस मीटी जब दरसिया, पूरण पद पाया । बनानाथ गम गुह्य हैं, निश्चै दरसाया ॥ ४ ॥ १७३ ॥ ८०० ॥

इति श्रीबनानाथजी महाराजरी बाणी संपूर्ण ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

अथ

श्रीबनानाथ महाराजका पर-वांणा प्रारंभ ।

चौपाई ।

ब्रह्म गुरु संतनकी दया, आतम ज्ञान उदय निज भया । परवाणा प्रगट कहे दाखूं, भिन्न २ कर निश्चा भाखूं ॥१॥ नमो नमो गुरुदेव मनाऊं, दे परक्रमा सीस नवाऊं । ऐसी दया करो गुरु मेरा, काया गढका करो निबेड़ा ॥२॥ प्रथम पांच पचीसों जाणूं, तीन गुण तुरत पिछाणूं । रजगुण तमोगुण सतगुण माया । ज्यामें भँवरा भरम भुलाया ॥ ३ ॥ भटकत भँवर फिरे बहु फेरा, भांतभांत कर माया घेरा । एक पलक भर ठहर न पावै, काया गढ़में किमकर जावै॥४॥कायागढ करड़ो है भाई, जाकी सत करैं ओलखाई । कहै बनानाथ माया सब त्यागी, गुरुसरणे आयो बड़भागी ॥ ५ ॥ सतगुरु सुणो विनती हमारी, तुम समरथ मैं सरण तुम्हारी । कायागढ़का भेद बतावो, संशय शोक भ्रमकूं ढावो ॥६॥ सतगुरु दीनदयाल्ह ऐसा, भेक विवेक दिया है जैसा ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जाकी विगत कहूं समझाई, यामैं रती फरक नहीं काई ॥ ७ ॥ स्वास उस्वास सिमरण सारी, दृढ आसण कर ममता मारी । भेद विभूत विचार चढ़ाई, अनुभव बात अगमकी पाई ॥ ८ ॥ उनमुन मुद्रा सरवण सारी, ऐसे जोगी जरणा जारी । मैर मेखला तत्तकी टोपी, दया करी गुरु सिरपर ओपी ॥ ९ ॥ सिंगी सबद श्रुतकी सेली, गुरुप्रताप सिरपर मेली । करणी कूतकसबरकी झोली, शम दम साधन लिया बिरोली ॥ १० ॥ सोहूं भेद दिया गुरु भारी, भेख लिया मैं ब्रह्म विचारी । चित्त चाकड़ी चेतन बैणा, कायानगरमैं फेरी दैना ॥ ११ ॥ सबद गुरूका सेल संभाया, होय सूरा रण भीतर आया । मनकूं पकड़ घेर घर लाया, बनानाथ ये जोग जगाया ॥ १२ ॥ कठिन जोग है पंथ करारा, कहणा महा खड़्गकी धारा । सब दल छेद हटै कबु नाहीं, सूर वीर छाजै दलमाहीं ॥ १३ ॥ प्रथम जाय नाभकूं हेरी, सतगुरु सबद लगाई फेरी । जासूं फुरे काम-ना सारी, अती अपरबल नागन नारी ॥ १४ ॥ नाभी नगर नागणी जागी, जाकूं देख सकल जग भागी । इस नागनने सब जग खाया, जां सतगुरु पूरा नहीं पाया ॥ १५ ॥ इस नागणकूं मारे कोई, जाके धड़पर शीस न होई । नागण मार नगर सब हेरा, उलटा प्राण पश्चिम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कूं फेरा ॥ १६ ॥ नाभी कमल चेतनकी चोकी, उठती लहर उपजती रोकी । ऐसे चल्या पश्चिमकी घाटी, गांठ एकीसु मेर की फाटी ॥ १७ ॥ वंकनाल भँवरा वहै आया, उलटा कमल अमी बरसाया । झिलमिल जोत जुगतसै जागी, चेतन चल्या सिखरघर पागी ॥ १८ ॥ इला पिंगला सुखामण भेला, उलटा किया त्रिकुटी मेला । त्रिकुटी महल झिलकतझांई, द्वादस नेजा फुरकन बांई ॥ १९ ॥ मन पवन मिल धीरज पाई, सहजै चल्या गिगन पर जाई । सुरत सबदके मिट गया शंका, ऐसे लिया गिगन घर बंका ॥ २० ॥ अनहद नाद वहां नित बाजे, झूठ कहूं तो सतगुर लाजे । विनो बादली बरखा होती, स्वाति बूंद नित बरसे मोती ॥ २१ ॥ ऐसा खेल गिगन घर खेली, अधर बुंद अमृतकी झेली । अमृत पीवे सो बड़भागी, जाकी सुरत गिननमें लागी ॥ २२ ॥ खरतर खेल रचा बहु भारी, विना पाव जां नाचत नारी । टंटा ताल बजावण लागा, गूंगा करै सुंदरीमें रागा ॥ ॥ २३ ॥ बहेरां सुन्या पांगला भागा, अंधा निरत निरखण लागा । उलटा पंथ खोज नहीं दरसै, सो साधू घर ऐसा परसै ॥ २४ ॥ नटणी पांव वरतपर मेलै, लोक हसे मुख आप न बोलै । सबकी सुनी मैं कान न दिया, निश्चै हेर अमरघर लिया ॥ २५ ॥ ऐसी गती पिछाणे जोगी, सदा समान ब्रह्मरस भोगी ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बनानाथ निश्चै कही वाणी, सो गुरुमुख जन लेहिं पिछाणी ॥२६॥ जोग तणा महरम लख गाया, आगम निगम यूं कह दरसाया। याविधि जोग जुगत कर जोवें, सो जोगेश्वर निर्भय होवें ॥ २७ ॥ अब सुण कहूं सुन्नकी साखा, सदा समान परमाण न जाका। अपरमाण अलोगत सोई, आद अंत जां मध्य नहिं कोई ॥२८॥ हंस जाय सुंन घर जोया, जैसे हीर हीरकूं पोया। रवि अरु बिंब सदा हैं भेला, ऐसे हुआ ब्रह्मसूं मेला ॥ २९ ॥ जीव ब्रह्म जां दूजा नाहीं, सहजे मिला सिमरथके मांई। सिमरथ सांई हैं सब मांहीं, रहता पुरुष दीसता नाहीं ॥ ३० ॥ जड चेतनमें है एक सारा, भरचा ब्रह्म नहीं कछु न्यारा। पुष्प वासना दीसत नाहीं, ऐसे ब्रह्म भरचा सब माहीं ॥ ३१ ॥ मैं नहीं जां मैं चल आया, ऐसा खेल अधरमें पाया। नहीं जहां पिंड पवन भी नाहीं, सकल खेल दीसत मो माहीं ॥३२॥ जो दीसै सो कहिये माया, आप अरूप अथाग रहवाया। काया करम नहीं जां कर्ता, भोक्ता भोग्य नहीं जां भर्ता ॥ ३३ ॥ भेदी जाके भरमगढ जीता, अनुभव बात अगमकी कहता। मरहम विना कथो सब कोई, आप मुंवां विना मुगत न होई ॥ ३४ ॥ जीवत मुवां मुगतमें माले, माका वचन जुगोजुग चाले। बना-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाथ कही अनुभव वाणी, आसोजी कोई संत पिछाणी ॥ ३५ ॥ ब्रह्मज्ञानका निश्चा योई, योमें रती फरक नहीं कोई। पुरुषोत्तम अरु पुरुष प्रकृती, लहै मुमुक्षू याकी जुक्ती ॥३६॥ अब आतमका भाव बताऊं, तुराये अतीत ज्ञान दरसाऊं। जाकी जाण अपार अलागी, निज अनुभव उक्ती उर जागी ॥ ३७ ॥ आतम अज कूटस्थ अनंता; वाको आदि मध्य नहिं अंता । सदा सनातन शुद्ध स्वरूपा, अनावर्त अलेप अनूपा ॥ ॥ ३८ ॥ परब्रह्म है परम प्रकाशी, जाकी सता सत्त अविनाशी। सततें फुरी फोरना माया, तिण सत रज तम गुण उपजाया ॥ ३९ ॥ ब्रह्मा रजगुण किया पसारा, विष्णु सतोगुण पोखणहारा । शिव तमोगुण किया संहारा, ये तिहुँ गुणका भाव विचारा ॥ ४० ॥ माया-तणी आदि नहीं कोई, अपरमाण कहीजें सोई । ब्रह्मंड अनंत ज्ञान है नाना, क्रिया न्यून विशेष समाना ॥ ४१ ॥ माया सब चेतन आधारा, आतम साक्षी जाणनहारा । जो जो भाव बंधे ज्यां संगी, आतम निरा-लेप अनअंगी ॥४२॥ उतपति स्थिति लय मायामांहीं, आतम उतपति थिति लय नाहीं। सदा एकरस निश्चल थाया, हाणि, वृद्धिमें कबहुँ न आया ॥ ४३ ॥ आतममें मायाकी हाणी, जूं भाणूमें रात बिलाणी। नित आतम निरमाया सोई, जहां मायाका लेश न कोई ॥ ४४ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुरुष अरु पुरुषोत्तम एका, लय विशेष नहिं देख अदेखा। निरातंक निरवाण अथाई, आपोई आप और नहीं काई॥ ४५॥ कहा अनातम परमातम तुरीये, तुरीये अतीत प्रीय निश प्रीये। निरातंक कहा सत असतता, बनानाथ हमतें सब सिधता ॥ ४६ ॥ ये निश्‍ भाख्या निज ज्ञानो, वेदांत सिद्धांत बखानी। आदि अन्त मध प्रापत सोजी, निश्चै जाण योई निरभोजी॥ ४७॥ प्रथम गुरु उपासना गाई, दुतीये जोग रीत दर्शाई। तृतीये जोग अन्त निरधारा, चतुरथ आतमज्ञान विचारा॥ ४८॥

छन्द सोरठा।

यह चारोंकी जाण, ज्यूंहीं भाण ब्रह्मंडमें। कही परतकई परमाण, सब ग्रन्थनको योहि मतो॥ ४

छप्पै छन्द।

गीतामैं श्रीकृष्ण कही अर्जुनकूं शिख्या, राज परीक्षित जोय ज्ञान शुकदेवसुँ, लख्या। जनकराय मतिधीर मिल्या गुरु अष्टावक्रा, यदूरायकूं जुक्ति दिवी दत्तात्रय फक्रा। जीयाराम गुरु सत्त हैं, दिया सत्त उपदेश। बनानाथ परवाणा भाख्या, रती न राखी रेश॥ ५०॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दोहा छन्द ।

साध सती अरु सूरमा, जो जन लेसी जाण। अभिमानी उण जीवका, कबहुं न होय कल्याण ॥ ९१ ॥ परवाणा परतीत ले, समझे सुरत लगाय । बनानाथ वे प्राणियां, सहज मुकत है जाय ॥ ९२ ॥

कुंडलिया छंद ।

सम्मत उगणीसै अठरावैं, सतगुरु पड़ी पिछान । तिथ तेरस थिरवारमैं, मुख भाख्या परवाण । मुख भाख्या परवाण, ज्ञान रवि जूं ही दरस्या । भरम निशा भई नाश, सत आतम पद परस्या । सत सतगुरु सब शिष्य है, एही गुरु शिष्यकी मत । बनानाथ निश्चै भई, उगणीस्सै संमत ॥ ९३ ॥

इति श्रीबनानाथजी महाराजका परवाणा समाप्त ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

श्रीनवलनाथजीमहाराजरी वाणी प्रारम्भ ।

राग सोरठा ।

फकीरी दिल बिच देव दीवाण, सबका संगी लिये न किसमैं, उनमुन आतम जाण ॥ टेर ॥ आसन पास उदास जगतसैं, छाजत चौथे पद निरवाण । रवि जिम राजत भाजत अघ तम, सो जोगी जुगत सुजाण ॥ १ ॥ साखी सरब जगतसैं न्यारा, सबकूं करत प्रमाण । चित मन बुद्धि प्राणका प्रेरक, इनकी करत पिछाण ॥ २ ॥ दृश्य प्रकासैं उनहि देवकर अलख अखंडत भाण । अपणी भूल दुजा होय दरसैं, आपेई उलट समाण ॥ ३ ॥ नवलनाथ निज अदल फकीरी, दिल बिचमैं दरसांण । बनानाथ सतगुरु जब परसे, तो पलमैं किया कल्याण ॥ ४ ॥ १ ॥

फकीरी कोई जन करत करूर । ब्रह्म अगनी प्रजाल प्रगटै, प्रतक आप हजूर ॥टेर॥ ध्यान धमण संजण सिल-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

माइ, कर छार वासना सूर। पांच विषय गुण तीन प्रकृति, भये अघ उरमीसे दूर॥ १॥ सीपमांय ज्यूं रूपा विळाणा, यूंकीवीचिदमै उपाधिचूर । निवारण आतम परकास्या, नित निकलंक एक नूर ॥ २ ॥ मन पवना वाणी नहीं पहुँचै, बावन अंछर न बंधै रूप । त्रिविध ताप लिपै नहीं ताकै, ऐसा है अगम अनूप ॥ ३ ॥ ज्ञान फकीरी जाणत कोई गुरुमुख, और भरम भये भकभूर । नवळनाथ तिरणै कर निरखा, गुरु बनानाथ भरपूर॥४॥२॥

फकीरी यह रमज निरंतर जाण । वेद कतेब वाणी नहीं खाणी, रहता आप अवाण ॥टेर॥ चले न अचल गिरै नहीं त्यागै, लीना पद निरवाण। फुरै न अफुर करै न अकरता, अलख उन्मुनी पिछाण ॥ १ ॥ सत नहीं असत दिवस नहीं रजनी, अनुभव एकरस भाण । भरम न करम अहं केई पारा, बुधकी थकत पिछाण ॥ २ ॥ दोय न एक ज्ञेय नहीं ज्ञाता, ध्येय ध्याताकी हाण। पर न अपर दृश्य नहीं द्रष्टी, आपेई आप समाण ॥ ३ ॥ जीव ब्रह्मकी कहुँ न कलपना, कलपनहार विलाण । नवलनाथ निरंजन मिलिया, मन कीया उलट पियाण ॥ ४ ॥ ३ ॥

फकीरी या करै कोई सेर, मन कर मेरु श्वास कर मणियाँ, सुरत समझकर फेर ॥ टेर ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इड़ा पिंगला सम कर दोनूं, ज्ञान ध्यान धर हेर । श्वासा सुखमण कुंभक संगति, कर सुंन सिखरकी सेर ॥ १ ॥ मन मिल पवन शबद मिल सूरति, उलटत मूल सुमेर । सुखमण मारग मीन पपीलगत, खग ज्यूं सुरती पेर ॥ २ ॥ सुरति न नूरति रूप न मूरति, लीन भये सुंनकी ढेर । सुंनकेई पारा वो आतम न्यारा, अलख अजूणी अजेर ॥ ३ ॥ बनानाथ गुरु किरपा कर दी, ध्यान कला समसेर । नवलनाथ परमपद परस्या, काट बंधन मन केर ॥ ४ ॥ ४ ॥

फकीरी त्याग वैराग दोय धार । सरधा कर बिचधार दुधारी, दुतियाके सिर मार ॥ टेर ॥ त्याग खड्ग अरिदल परसत, जब दरसत दीदार । भागत भरम ज्यूं त्यागत संसै, यहैं भसमीभूत संसार ॥ १ ॥ अगनीसैं धातु पाणीसे कपड़ा, सब मल तजत विकार ॥ संकलप विकलप तजत वासना, त्यूं निकसत आतम सार ॥ २ ॥ हंसा जिम खीर नीर विन गिरसत, दधि मथ घिरत निकार । जीव विवेकी पीवके प्यासे, कर ध्यान घमण एकतार ॥ ३ ॥ चक्रवरती पूरा रण जीतत कोइ सूरा, अभय त्रिभुवन करार ॥ नवलनाथ निरंजण मिलिया, बनानाथ गुरु धार ॥ ४ ॥ ५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग परभाती ।

दुःखातीत पुरुषकी महिमा, सुण मेरा भाई । स्थित होय शुध स्वरूपमैं, गुणां रहित समाई ॥ टेर ॥ ना कुछ त्याग न संगरे, निगमा भोम वसाई । हद बेहदके ऊपरे, सुरता जाय बिलाई ॥ १ ॥ चित्त समीरके संग विना, दुतिया लहर मिटाई । अदृष्ट भई निज आतमा, दुःख न व्यापै काई ॥ २ ॥ शीत उषण कोउ ना लगै, जन्म मरण न पाई । हरष सोक कित संभवै, आपो आप भुलाई ॥ ३ ॥ महिमा करी उत्तम त्यागकी, मैं द्वंद्वातीत लखाई । बनानाथ गुरु भेटिया, नवलनाथ गम गाई ॥ ४ ॥ ६ ॥

उत्तमनाथ तुम उर धरो, उत्तम सीख सदाई । त्याग ग्रहण के फंद मैं, कहुं सुख न पाई ॥ टेर ॥ भेद दृष्टिके लीनभयां, दिरस तुझे रूप समाई । जलहि तरंग तरंग मिलि जलहि, भेद भरम बिलाई ॥ १ ॥ त्याग ग्रहणकी समरती, होय दृष्टी दिरस उपाइ । भूल अविद्या जालकूं, जद किरतारथ थाई ॥ २ ॥ एक छोड़ एक झालणा, उभय आग लगाई । संकलप विकलप विषय विन, गुणा अतीत रहाई ॥ ३ ॥ द्वितिया रहित यह पंथ है, बनानाथ समझाई । शुभाशुभसें मुकत होय, नवलनाथ दरसाई ॥ ४ ॥ ७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग एली ।

पीया तज परसणकी सुज, खटक हृदे बिच खेद ॥ टेर ॥ पीयासे प्रीत पुराणी जागी, बिरह करी मोय बेहाल । तोर परस बिन चैन न आवै, भया कलेजे साल ॥ १ ॥ सजनपर वारी मिलूं भरतारी, चलि दरद दिवानों देश । निजर निहारूं हाथ नहीं आवै, रूप विहूणो नरेस ॥ २ ॥ तुम विन रूप रूप मोय बांधी, तोय दया नहीं दिलदार । तलफ तलफ जीव जाय हमारो, पलपल करत पुकार ॥ ३ ॥ तज निज रूप अरूप होय चाली, जब पायों प्राण आधार । बनानाथ सतगुरु भल दरसे, किया नवलनाथ निसतार ॥४॥८॥

पीयाजी मेरो वसै, परास पार परेस ॥ टेर ॥ अगमपुरीके बीच विराजै, अजब अनोखो देश । निगम मिसाल देह बिन दरसै, परसै सुरत हंमेस ॥ १ ॥ पीवका नूर सूर दसुं दिसमैं, झलकै पुरंदर । बादल कै संगबीज मिलाणी, ज्यूं नारि मिलीं अमरेस ॥ २ ॥ नारि अरु पुरुष एक भये दोन, भेद न रया लेस । आनंदके अनुभव विलूम्बी, मिटगये सकल कलेस ॥ ३ ॥ दूजी वृत्ती सबै विसराणी, भागा भरम सनेस । नवलनाथ सुरता सुलझाणी, गुरु बनानाथ उपदेस ॥ ४ ॥ ९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पीयाजीकी सुरत सू, तुम हम एकैई रूप ॥ टेर ॥ पीयाजी हो जिण दिन तुमसैं बीछडी, मैं तो फिरी अनंतां देस । सुरत न देखी सांम की, भुगते केवल कलेस ॥ १ ॥ चित चिंतामैं जल रही, पायो नहीं भरतार । जो परणी सोई मरगया, रही व्यभिचारण नार ॥ २ ॥ घर करूं मैं गिरपडै, मिले वो बीछड जाय । खिणक सुखांके कारणै, करि बादलकी छाय ॥ ३ ॥ उण दिल ऐसी उपजी, अमर वरूं भरतार । पीया मरै नहीं मैं मरूं, जलणो पडै न लार ॥ ४ ॥ फुरि जद पीवसे बीछड़ी, अफुर भई तब एक । नवलनाथ सुरता सुवागणी, गुरु बनानाथ विवेक ॥ ५ ॥ १० ॥

बंगला दवादसांपर देख, जामैं निरगुण आप अलेख ॥ टेर ॥ शम दम साथ सरोदे लावो, करलो परम विवेक । सुंन घर सुरति सहज मिलावो, तो परसो पूरण एक ॥ १ ॥ उदे अस्त बिच प्राणकी संधी, छिनभर सुखमण देख । आवागिवण करै न आतम, अविचल जोती सेष ॥ २ ॥ पवन पार दीदार वो बंगला, अधर अजुणी सुवेक । सुरति निरत मिलै सम पहुँचै, बंगला निरगुण नेक ॥ ३ ॥ बनानाथ सतगुरुकी किरपा, बंगलो पायो अजब अलेख । नवलनाथ ता बीच समाणा, आदि पुरुष अभेख ॥ ४ ॥ ११ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाम रूप दोई विणसत दीसे, कुण उतरैं भवपारी। मूरख कैसी मुकति विचारी, जाको अर्थ कहो नर नारी ॥ टेर ॥ देखण सुणन कहण सब माया, मिथ्या मिरग जळधारी। सो पद जो माया विन कहिये, ज्यां नहीं गम तुम्हारी ॥ १ ॥ करे भेखसे टेक ओ विनगम, मनमें मोह अपारी। सूरज देख आगियो उमंगे, देखो जोति हमारी ॥ २ ॥ परचा पूछत फिर अवरोंकूं, अपनी गती विसारी। चावत चिणा मांगे कस्तूरी, अदभुत ये भिख्यारी ॥३॥ परचाहीमाया, अपरचाहीमाया, निरगुण लख करतारी। चवदे लोक सिद्धाई तेरी, तृणसमान तजारी ॥ ४ ॥ छोटी माया छोड़ सिद्धाई, मोटी माया बँधारी। साधू समझे काकभ्रष्ट सम, आतमरूप लखारी ॥ ५ ॥ साध सिद्धाई अंतर ज्यूं, धरनसे गिगन अटारी। संत निरंतर मुक्ति समझे, सिद्ध माया उलझारी ॥ ६ ॥ राज आदिअष्ट सिद्धि फेरी, ऋषभदेव तपधारी। निजरूप मायाके पारा, नवलनाथ सुखारी ॥ ७ ॥ १२॥

अवधू मैं हूं अमर अनादि सदा, जुग धरता आतम जोती नरेस। जोगी जाद आदि अविनासी, अविगत नूर परेस ॥ टेर ॥ हुता अचेत चेत सुध कीनी, पाया प्रकृति प्रवेस। किरियाजाल भालभवसिंधू, मकड़ी तार बंधेस ॥१॥ ले वैराग राग दुख त्यागी, आपैं मांय लखे-सा सतगुरु बूझ सूझ सुध लीनी, निज घरपायो निरभेस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ २ ॥ तुरिये हजूर सूर सम दरसै, दूजा भरम न लेस । बनानाथ गुरु अगम अजूणी, नवलनाथ सोई सेस ॥ ३ ॥ १३ ॥

जिण शबदांमैं ब्रह्म नहिं परचै, सो शबदही तजो प्रचारी । आतम जामैं प्रतक्ष पाइये, परचा कोण वडारी ॥टेर॥ब्रह्म प्रचै होय तो बोलो, नहीं तो चुपकर जारी । मायामयी परचा नहीं मानूं,मायाई असत असारी ॥१॥ जो तूं उड़ता फिरे आकासां, जतन करी बहुभारी । पंखी आगे उड़त विन जतनां, तामें सिद्ध विचारी ॥२॥ हम निरगुणके अवतारो, जिणने माया सृष्टि पसारी । आदि अंत एक ब्रह्म अखंडित, मूरत क्यूं माया उलझारी ॥३॥ उतपति परचा परलय परचा, परचा थितये सारी । मेरा परचा इन परचोंसे न्यारा, उपजै विणसै न लिगारी ॥ ४ ॥ परचा मुकति एकधारी, जातें दुख मिटै संसारी । गुंजा गेह पारस मणि खोवै, ताकूं मूरख कहै जग सारी ॥ ५ ॥ बनानाथ गुरु केवल चेतन, परचे नवलनाथ मुरारी । एको ब्रह्म नास्ति द्वितीये, वेद सिद्धांत लखारी ॥ ६ ॥ १४ ॥

माया प्रकृति है हमारी, हम तो चेतनरूप ता पारी। शास्त्रदिष्ट विचारी साधू, मन विकल्प तज भारी ॥टेर॥ माया मेरी सब जुग रचिया, हम ताका आधारी ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पांच पचीसा तीन होय पसरी, हम चेतनहार द्रष्टा री ॥ १ ॥ इमहीं जीव ईश सब कलपै, इमी ब्रह्म कलपना धारी। प्रकृति पार पुरुष अविनासी, लखै जिनकी बलिहारी ॥२॥ परचा एक शबदका देखो, ज्यामैं दरसत है दीदारी। तुम तो गुरु शबद नहीं परचो, जासुं मिटै न चौरासी थारी ॥ ३ ॥ हम तो गुरु ईश्वर एक कर मानूं, जासूं उपज्या ज्ञान भवपारी। ज्ञान दृष्टिमैं दूजा नहीं दरसै, खंडि प्रकृति सारी ॥ ४ ॥ बनानाथ गुरु अगम अजूणां, निरगुणके अवतारी। निगम अगम नेत्र कर निरख्या, नवलनाथ सोई वारी ॥ ५ ॥ १९ ॥

स्वसमवेद कोई विरला पावै, उलटा विरछा मूल समावै ॥ टेर ॥ आप अकलतै सकल पसारा, घर अंबर रचिया आकारा। पसरा विरछ फूलिया बागा, आपहि जल आप सींचण लागा ॥ १ ॥ आपहिं बीज वीरछ अविनासी, आपहि जीव भये जाति चौरासी। अंछर एक अनादी देवा, तिणकर बावन अंछर भेवा ॥ २ ॥ प्रथम सहजे सोहं उचारा, सहस्र दल कीया कमल पसारा। मानसरोवर हंस कहाया, मेर डंड घर राह चलाया ॥ ३ ॥ तुरिये अतीत रूप सोउ भूला, अंछर एक चार मिल मूल घर फूला। सहस्र विसरिया च्यार द्रिढाया, जन्म मरणके मारग धाया ॥ ४ ॥ मूल कमल तुरिये जीव सो थाया, संख

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बंधाणा फेर वंक न पाया । सुधी राह तज वंकी लीनी, जिण कारण चौरासी चीनी ॥ ५ ॥ संख भ्रमर एक ग्रंथी लागी, बीज जागरत अवस्था जागी । वेद अथर्व परा भई वाणी, द्रिस जाल सत्ता लपटाणी ॥६॥ जाग्रत होय लिंग घर आया, खटदल अंछर कमल उपाया । काम कलीपर करत गुंजारा, विरमादेव रजोगुणधारा ॥ ७ ॥ उलटा उरध नाभ घर आया, दस अंछर एक कमल रचाया । सगत भुजं पश्यंती जागी, साम वेद स्वासा धुन लागी ॥ ८ ॥ पीठ कुंडली सोवत ध्याना: नील वरण सँग विष्णु बखाना । माया संगति परबल धारी । सहस्र बहोत्तर नाड़ि पसारी ॥ ९ ॥ पवनरूप सूर अभंगा, प्रलय अवसथा सुखोपति संगा । जाग पवनसे मन संग धाया, ह्रिदै द्वादश अंछर पाया ॥ १० ॥ मनमैं देखि मध्यमा वाणी, यजुरबेदकी कला पिछाणी । मन कला चंद महेसुरराया, संकलप डोरि सुपन दरसाया ॥ ११ ॥ द्वादश कला सूरकी छाया, मनरूप होय चंदा थाया । कंठ कमल मन मधुकर आया, षोडश दल एक कमल उपाया ॥१२॥ रिगवेद वैखरी वाणी । इंद्रयां स्थूल सत्ता उलझाणी । अंछर सोलै उछरत संगा, देवी सरस्वती जाण अरधंगा ॥ १३ ॥ बैठ त्रगटी द्रिदल-सथाना, महा जागरत अवस्था जाना । अंछर दोय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हंस घर माना, नैण दोय लख ज्ञान विज्ञाना ॥ १४ ॥ विक्षेप आवरणदरसै माया, चंदलोक घर रहत समाया। चरमदृष्टि देखत स्थूला, लख चौरासी भुगती सुला ॥ १५ ॥ वाणी च्यार वेद सोई च्यारी, लखत भेद कोई ब्रह्म विचारी। बावन कमलदल अंछर एही, बुधिवन्त सुमनवेद ईनै केही ॥ १६ ॥ तीन अवस्था माया पसारा, चतुरथ ब्रह्म सब जाणनहारा। तुरिये जाण जीवन मुकति सोई, जन्म मरण दुख भुगतै न कोई ॥१७॥ तुरये अतीतमें वेद न वाणी, थकत भये सब वचनकी हाणी। आदि घर सो कह समझाया, जिण घर मारग हंसा आया ॥ १८ ॥ नवलनाथ अनुभव कही वाणी, उलट चलै कोइ पीछा प्राणी। बनानाथ सतगुरु परवाणी, अमरलोककी लाये निसाणी ॥ १९ ॥ १६ ॥

पूरण करिये सोई नारि है, पुरे सों पुरुष कहाय। नारि पुरुष मिल जग रचा, कहूं भेद समझाय ॥टेर॥ पिरथी पिरथम नारि भई, जल जाको भरतार ॥ उभै मेल अन्न ओखदी सब रचना आधार ॥१॥ अन्न रसमई एक पुरुष भया, रज बीरज नर अरु नार। दोनूं मिल रचना शरीरकी, अन्न रस पुरुष आधार॥ २ ॥ पवनमई एक पुरुष है, अन्न रस पुरुषके पार। सरव रसोंकूं पूरता, पवन पुरुष भज सार ॥३॥ मनोमयी एक पुरुष है, रहो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पवन पुरुषकूं धार । ताकरि पूरण पवन होय,मन पुरुष सचियार ॥४॥ विज्ञान पुरुष ता ऊपरे, मनकूं पूरे सोय। पूरण करे विज्ञानकूं, पुरुष आनन्दमय जोय ॥ ५ ॥ आनंद पुरुषका रूप है, पुरुष ही आनंद अपार । नवलनाथ परे कोई नहीं, जिण पूर्यो संसार ॥ ६ ॥ १७ ॥

नाभमें निजार वासा, सुसमवेद उच्चार स्वासा । सोहं हंस मिलाय अवधू, निजरूप दरसाय भाई । सुरत शबद मिलाय ॥ १ ॥ उठत शबद अपार धारा, उरध मुख जिमि मीन पारा । स्वासोस्वास समीर सारा, छेद चक्कर होय न्यारा । अंछर अधर उजास भाई ॥ २ ॥ मणीपूर घर अखंड ऐसो, अनन्त सूर उद्योग जैसो।नाडीचक्र जाल कैसो, तज बहत्तर हजार हैसो । सब आतमको आभास भाई ॥३॥ चराचरमें आप देखो, आतमा अज एक लेखो । सुसम सोहं प्रकाश गुरुपद,नवलनाथ भज तास भाई । वेद सुसम संचार ॥ ४ ॥ १८॥

आदि एक अविचल अविनासी; दूजा किम दरसाया ॥टेर॥ अनन्त जुगांकी मैं आगम वरणूं, जिम संत सास्तर गाया । आपोही आप पुरुष प्रभु केवल, मूल न दरसे दूजी माया ॥ १ ॥ पांच पचीस न तिरगुणहंकारा, रैणी सहजे ध्यान समाया । आप आपणी सगति चेत, चेतक दूजा दरसाया ॥२॥ अपणी सगतिमें आप बंधाणा, प्रकृती गत आया । शुध बुध भूल

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सूल तिरये धारी, जद जीव मान भरमाया ॥ ३ ॥ सुपन मांय सुपनीसम स्वामी, कर दूजा दुख पाया । स्व-स्वामीभाव सगत संबंधा, त्रिधि अनेक बणाया ॥४॥ सहज समाधि भूल जग रचिया, सगी समाधी समाया । नवलनाथ आपका आपा, गुरू बनानाथ देखाया ॥ ५ ॥ १९ ॥

सुसमवेद सचियार सोजो, आतमा दिनरैण खोजो । विषयारस सिरसें त्याग बोजो, आपसे धुन लाय । अवधू आपो केवल थाय भाई ॥टेर॥ नाभमें निरवाण जोवो, सुरत सुखमण बीच पोवो । योगनिद्रा अभै सोवो, अरध ऊरध मिलाय । अवधू सहज अरस समाय भाई ॥ १ ॥ विषम नाली वंक हेरो, उलट पवना पिच्छम फेरो । चूर अरिदल गिगन घेरो, सूर शशि घर लाय । अवधू दमोदम हर पाय भाई ॥२॥ कर चकर सुलटा प्राण पेरो, सोहं हंस एकसार टेरो । शिखर सीवा ठाय मेरो, सगत सिव घर जाय । अवधू बहु जन्म न आय भाई ॥ ३ ॥ प्राण तन मन सीस तेरो, चरण रहै नवलनाथ चेरो । नहीं बंधण करम केरो, बनानाथ गुरु ध्यान । अवधू दियो पूरण ब्रह्म दरसाय भाई ॥४॥२०॥

इति श्रीनवलनाथजी महाराजरी वाणी संपूर्ण ।

अनुभवप्रकाश समाप्त ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अथ

श्रीनवलनाथाष्टकप्रारंभः ।

सर्वज्ञत्वं ध्यानविचित्रं सुखाकारं मायातीतं मायिविरक्तं शुभवेषम् । भावाभावैर्द्वैतविकारैर्गतवादं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि ॥१॥ ज्ञातृज्ञेयज्ञानविचारे बुधरूपं ध्यातृध्येयध्यानविचारे कृतसारम् । प्रेमानन्दं प्रेमपयोधौ धुतदेहं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि ॥ २ ॥ संसारार्णवनौकारूपं जनतानां सुष्ठुवचोभिर्जननिस्तारं शोभाढ्यम् । तीर्थविराजं तीर्थीकारं मुनिवेषं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि ॥३॥ श्वासोच्छ्वासैरजपाजापैः स्वरलीनं योग्याभ्यासे योगिविमोहं योगीशम् । नित्याकाशे प्रणवस्वरूपं पश्यन्तं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि ॥४॥ योगैर्भोगैर्भोगविकारै रहितं तं विश्वविभातं सज्जनसोमं योगाभम् । अचरच्चरेशं मुद्रावेशं नाथेशं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्तिं प्रणतोऽस्मि ॥ ५ ॥ नित्याभ्यासेऽखण्डविचारं प्रथयन्तं सद्भक्तेषु स्वात्मविवेकं कृतदेशम् । विज्ञवराणां ध्येयं गेयं हृदयस्थं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि ॥६॥ भूमीमण्डल-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पणरूपं निष्पापं जीवोद्धारे दिक्षु चरन्तं शुकरूपम्। परमानन्दे मग्नस्वान्तं गतनीडं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्तिं प्रणतोऽस्मि ॥७॥ चित्रविचित्रं दुर्घटबोधं विख्यातं भवभीसिंधुं दृष्ट्वा शुष्कं कुर्वाणम्। वादविवादान्दूरं दूरं कथयन्तं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्तिं प्रणतोऽस्मि ॥ ८ ॥ ज्ञानं नित्यनिरंतरं जनमुदे संदर्शयन्स्वात्मनि सद्विद्यां रचयन्सुधारसवचोभिर्विज्ञयोगीश्वरैः। कारुण्येन कृपारसेन जडतापंकं च संक्षालयंस्तत्सत्तत्त्वमसीतिवाक्यविभवं संलुण्ठयन्द्योतताम् ॥ ९ ॥ इदं नवलनाथानां स्वामिनामाष्टकं शुभम् ॥ यः पठेत्प्रयतो नित्यं स भवेद्भवबन्धहा ॥ १० ॥ ॐ तत्सत् ॥

इति उत्तमनाथकृतं श्रीनवलनाथाष्टकं समाप्तम्।



Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीः ।

श्रीनवलनाथजी महाराजकी स्तुतिप्रारंभ ।

दोहा ।

श्री श्री श्री गणपति गुणद, आदिनाथ उरध्याय ।
श्री गुरु नवल जु नाथके, गुण कछु कहूं गणाय ॥ १ ॥

सोरठा ।

अतिमनकर आनंद, जियाराम गुण नित जपूं ।
पूरण परमानंद, बनानाथकूं विनय कर ॥ २ ॥

कवित्त ।

कैधों आज धराको सनाथ करनेके काज,
आदि नाथ शंभु निज सुरत सवारी है ।
पातंजलि बली निज योगके प्रचार हेत,
मरवार मांहिं सु प्रगट देह धारी है ॥
पापकूं पछार नर नारके उद्धार अर्थ,
गीता को स्वरूप कैधों कृष्ण ये मुरारी है ।
ऐसे नवल नाथके चरण बीच माथ न्याय,
बार बार हाथ जोरि बीनती हमारी है ॥ ३ ॥
शंभुको स्वरूप सब योगिन को भूप यह,
तेज हैं अनूप जैसो मत्स्य तपधारी है ।
गोरक्ष प्रत्यक्ष मानौ बैठो सभा बीच आय;

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यंत्र मंत्र तंत्रको महा अधिकारी है ॥
बड़े बड़े भूप सो प्रगट शंभु रूप लखि,
सह न सकत तेज जैसो तिमिरारी है।
ऐसे नवलनाथके चरण बीच माथ नाय,
बार बार हाथ जोरि वीनती हमारी है ॥ ४ ॥
वेदनको ब्रह्मा सम जानत है भेदाभेद,
खेद हरि सुखी जिन कौन नरनारी हैं।
न्यायबीच गौतम रु सांख्यमें कपिल सम,
व्यास सो प्रकाश वेद अर्थ बीच भारी है ॥
अर्थशास्त्रमाहिं मानो जैमिनी विराजे आय,
योगमें पतंजली नो पर उपकारी हैं।
ऐसे नवलनाथके चरण बीच माथ नाय,
बारबार हाथ जोरि वीनती हमारी है ॥ ५ ॥

दोहा।

नादबिंदु ज्ञानी महा,कैधों यहै कणाद।
ऐसे नवलनाथकूं, रटत सकल मनुजाद ॥ ६ ॥
नमो नाथ तव पदकमल, बनानाथ सिर नाय।
नवलनाथ अति नवलकर नितप्रति करहु सहाय ७
नवहु नाथके तेजयुत नवलनाथ अति नूर।
करै गोवर्द्धन वीनती, सिद्धनके कुल सूर ॥ ८ ॥

इति पं० गोवर्द्धनशर्माकृत श्रीनवलनाथजी
महाराजकी स्तुति समाप्त।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ मंगलाचरणम् ॥

॥ श्रीनाथपंचकम् ॥

अस्ति भाति प्रियत्वेन सर्वत्र संस्थितात्मने ।
मायाभेदनिरस्ताय श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ १ ॥
निष्कलाय निरीहाय शान्ताय परमात्मने ।
सर्वेषामादिभूताय श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ २ ॥
नेतिनेतीति वाक्येन वेदा यं प्रवदन्ति वै ।
अनिर्वाच्यस्वरूपाय श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ ३ ॥
सर्वेन्द्रियगुणैर्नित्यमप्रत्यक्षस्वरूपिणे ।
स्वानुभूत्येकगम्याय श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ ४ ॥
रज्जौ भुजंगवद्यस्मिन्नधिष्ठाने चिदात्मनि ।
विवर्तते जगत्सर्वं श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ ५ ॥
भवतापापहं पुण्यं शोभनं नाथपंचकम् ।
तेन नः प्रीयतां देवो व्यापको नाथसंज्ञकः ॥ ६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

॥ श्री परमात्माने नमः ।

योगेश्वर श्रीउत्तमनाथजी महाराजकृत वाणी ।

साधो अब प्रकट्यो पूरण भाग, गुरुचरणोंमें गयो चितलाग । सतगुरु निज बिड़द संभाल, मेरा सब हर लिया जंजाल ॥ टेर ॥ गुरुदेव मेरा प्राण आधारा, जिन दिया शब्द ततसार । राग द्वेष मदलोभऽहंकारा, भागा सबही विषयविकार ॥ १ ॥ भवजल अनन्त ही जानके, डरकर मैं करी है पुकार । सतगुरु सहाय करके मोकूं, तुरत किया है भवपार ॥ २ ॥ अनन्त प्रकाश कृपालु कहिये, है गुरु दातारों ही दातार । सदघर सूर उरमें ऊगो, दीवी सकल वासनाको जार ॥ ३ ॥ परमानन्द दिलहीमें पायो, देख्या है गुरुदेवका दीदार । नानाविधिकी कलह कलपना, मिटी बहुत जनमकी हार ॥ ४ ॥ नवलनाथ गुरु पूरण पूरा, समझ्या सही ब्रह्मविचार । उत्तमनाथ ता मांय समाया, रया तहीं हैं भेद लिगार ॥ ५ ॥ १ ॥

राग ।

भव तिरणेको अवसर आयो ए, बहुत जनमके पूरब पुण्यसे मानुषतन पायो ए ॥ टेर ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ईश्वरकिरपा सन्त समागम, गुरु चरणोंमें आयो ए ॥
प्रेमके पुष्प ध्यानको धूप दे, चितचन्दन चढ़ायो ए॥१॥
शील सन्तोष अमान अहिंसा, दम दया उर लायो ए ॥
कामक्रोध मद लोभ मोह को, खणखोज बहायो ए ॥२॥
त्याग वैराग श्रद्धाको धारके, वक्र भाव हटायो ए ।
अनेक युगों के मैल त्याग, ज्ञानगंगामें न्हायो ए ॥ ३ ॥
गुरुदेव पायो नहीं जबलों,बाहर धायो ए । सतगुरु शब्द सुनायके, ज्ञेय ज्ञाता बतायो ए ॥ ४ ॥ नवलनाथ गुरु कृपाकरके, भ्रम मूल मिटायो ए । उत्तमनाथ स्वरूप समझके, निज निश्चल थायो ए ॥ ५ ॥ २ ॥

अब मन ममताकुं मारो ए, सकलउपाधिकोमूलजाणके, अहंता टारो ए ॥टेर ॥ सरब स्वरूप एक अखंडी न कोई भेद विकारो ए । जाते नाम रूप सब दीसे, कलपित संसारो ए ॥ १ ॥ एकाग्र मन बुद्धिकुं करके, गुरु शब्द विचारो ए । शब्द विचार समज दिलमें, निज रूप निहारो ए ॥ २ ॥ स नहीं इदं गुप्त नहीं चौड़, नहीं अन्तर बारो ए । भोक्ता भोग्य प्रेरकता न जामें, सो पद निश्चय धारो ए ॥ ३ ॥ नवलनाथ गुरु दया करके, दियो शब्द इसारो ए । उममनाथ समझ कर सही, हुओ भव पारो ए ॥ ४ ॥ ३ ॥

अब मन गोविन्द गुण गावो ए, ऐसी रमज समज सेही जोवो परम पद पावो ए ॥ टेर ॥ लघु मृदु रिजु

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ही होयके, सत्संगमें ही नहावो ए । मान गुमान मद मत्सर सब दूर बहाओ ए ॥ १ ॥ सुर दुरलभ ये नरतन पायके विरथा न गमायो ए । स्वासो स्वास शिव सिमरके जग जीतही जावो ए ॥ २ ॥ थल जल अनल अनिल नभमें कर ब्रह्मही भावो ए । द्वैत भरम काम करम सब अविद्या कुं ढावो ए ॥ ३ ॥ नवलनाथ गुरु शब्द सुणायों, जामें लिव लाओ ए । उत्तमनाथ सोइ समझके, भव भाव मिटावो ए ॥ ४ ॥ ४ ॥

फकीरी फिकर देवै सवै खोय, विषयानन्द अभिलाष त्यागके निजानंद निश्चयही होय ॥ टेर ॥ वेद पुराण दधिकुं मथके लियो है सार निचोय । किरियो करम असार समझके फेर नहीं बोझो ढोय ॥ १ ॥ अनघ अलेप असंगी विचरे, सदा रहे निरमोय ॥ शम दम श्रद्धा तितिक्षा करके, सुरत शब्दमें पोय॥२॥ नाम रूप सब छोड उपाधी, भरम रखे नहीं कोय । अचल अखंड अनंतप्रकाशी, सत् चित् आनंद जोय॥३ निस वासर निरंतर होयके, निजमें लगावै लोय । उत्तमनाथ फकर है सोई, रहे सम दृष्टीमें सोय॥४॥५॥

फकीरी काम क्रोधकूं मार, पूजा लोभ रु गौरव गुमाना तन अभिमान विडार ॥ टेर ॥ आसा पतनी मम सुत त्यागो, चिन्त बान्धव बिसार ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मोह मंदिर अरु करम खजानां, इनकूं देवो जार ॥ १ ॥
द्वैत बुद्धिकूं त्याग परेरी, नाम रु रूप विसार ॥
अपणा आप अरूप अनामी, नहिं कोई आर न पार ॥२॥
चित चेत्य दृश्य अनातम, येही है झूठ विकार ॥
अचेत्य चेत आनंदस्वरूपी, सत ही चेतक सार ॥ ३ ॥
चेत अचेत कह्यो नहीं जावे, नहिं कोई दृश्य दीदार ।
उत्तमनाथ अचल अखंडी, आपोई निश्चय धार ॥४॥ ६ ॥

हेली ।

जग छीलरियेने छोडिए, सुख सागरमें नहाय॥टेर॥
दृश्य जालमें भरमके, अब नहीं खता ही खाय ।
सतगुरु दीनदयाल है, जिन दिया राह बताय ॥ १ ॥
सकल शिरोमणि नाम है, सोहं शब्द दरसाय ॥
शब्द पकड़के पूगिए, क्षर अक्षरकूं ही ढाय ॥ २ ॥
असुर स्वभावोंको मेटिद्, देवी सम्पदे उर लाय ॥
विषयानंदकूं ही त्यागिए, चिद्घन चेतन चाय ॥३॥
तम रंज सत्वके ऊपरे, भरियो है आनन्द अथाय ॥
मगमें अरिदल जोर है, मार गोविन्द गुण गाय ॥४॥
अक्षय अमर निज धाम है, तहां विरला हरिजन, जाय ॥
भरम मिटै सब वासना, पुनर धरै नहीं काय ॥ ५ ॥
नवलनाथ गुरुदेवने, पूरण पद परसाय ॥ नवलनाथ
वहां पहुंचिया, फिर वह पीछा नहीं आय ॥ ६ ॥ ७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हेली।

जगकी कथा सब छोड़के,गुरुमहिमाकुं ही गाय॥टेर॥
निज स्वरूपको ही जोइए, त्याग विषयकी चाय॥
आप उलटके आपमें, आपे आप समाय॥ १ ॥
राग द्वेष मद लोभकूं, ज्ञान–अगनसूं जलाय।
भांग भवकी भरमना, देखो आनन्द अथाय॥ २ ॥
तोय दृष्टिमें नहीं तरंग है,यूं चिद्में नहीं करम न काय।
नाम रूप व्यभिचारमें, अनुगत एक ही दरसाय॥ ३ ॥
नवलनाथगुरु पूरणरूप है, सत चित आनन्द अमाय।
उत्तमनाथ ता बीचमें, सदा रहो लिवलाय॥ ४ ॥ ८ ॥

मन रे गोविन्दगुण क्यों नहीं गावै। मानुष जनम मिल्यो पुण्य पुंजसे, अवसर गयो फेर नहीं आवै॥टेर॥ विषयलम्पट दीन आतुरा है, जाको जायके क्यूं तू दांत दिखावै। जो प्रभु सकल जगतकूं पालै, ताकूं तू बार बार क्यूं विसरावै॥ १ ॥ कुटिल अधम पापी ही कहिये, जिनकूं हरि चर्चा नहीं भावै। जिनके पुण्य पुरबले प्रगटे, निरन्तर नाम नीरमेंही नहावै॥ २ ॥ नाम जहाजमें बैठके समझसे, नाम अरथमें ही जाय समावे। आवागमन होवै नहीं तुम्हारी,पुरुषारथ सब विध ही पावै ॥ ३ ॥ ओ संसार भ्रम जल है भारी, जामें तू फिर फिर गोताही खावै॥ जे गुरु खेवट शरणमें जावै, कह उत्तम तुमको पार पहुँचावै॥ ४ ॥ ९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मंगल।

सुरती करत पुकार बैरो नहीं होय रे,मुसाफिर झटकै जाग रहो मत सोयरे ॥ १ ॥ सूतां तव जावे ही दाव आवै नहीं कोयरे, फिर लख चौरासी जूण फिरेगा ही रोय रे ॥ २ ॥ जगत जंजाल है झूठ रहो मत मोय रे, गुरुके शरणमें जाय निजानन्द जोयरे ॥ ३ ॥ परमानन्द परकारसमें लगाओ हि लोय रे, उत्तमनाथ ही समझ भरमकूं खोय रे ॥ ४ ॥ १० ॥

रेखता।

निजानन्दमें सोई जन छकिया, निरंतर अहं ब्रह्म यूं बकिया । बहुत जनमका पुण्य पकिया, छोड्या महल माल मंढी तकिया । नामरूप सच्चिदानन्दे लैकिया । रह्या नहीं भरम सब अकिया ॥ १ ॥ कबजमैं किया है मन नटिया, जगख्यालका उठा दिया अटिया ॥ विषय वासमें ही नहीं दटिया, आठों याम सोहं सोहं ही रटिया ॥ २ ॥ गुरु मिल्या सही सौदा ही पटिया,भागा सबही रिपूदल डकिया ॥ जाका भया है काम सब नकिया,देख्या है दीदारही बिन ढकिया ॥३॥ ज्ञानी कबहूं जगमें नहीं लचिया, परमानन्द प्रेममें ही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मचिया ॥ मिल्या नवलनाथ गुरु सचिया, उत्तमपद सबमें ही जचिया ॥ ४ ॥ ११ ॥

गुरु चरणोंमें रखो चित गोई ॥ टेर ॥ तू नहीं किसका तेरा नहीं कोई, काम्यकर्म बोझ मत ढोई ॥ दुरमति कर देखो मत दोई, आतम अद्वय अखंड है योई ॥ १ ॥ समझ तू निज स्वरूपको जोई, हाड मांस तू चरम नहीं लोई ॥ पुण्य पाप सुख दुःख न कोई, आपो भूल तू आप क्यों रोई ॥ २ ॥ तेरी भूल मूल अविद्या है योई, तेरे बिना सिद्ध ही नहीं होई ॥ दृश्य सब तुमही में पोई, स्वप्नी में स्वप्न ज्यूं होई ॥ ३ ॥ छोड़ कल्पना होय निरमोई, आगम निगम-को सार निचोई ॥ नवलनाथ गुरु सेन पजोई, उत्तम सत आनन्द है सोई ॥ ४ ॥ १२ ॥

समजरे मन मैलापन धोय। धोये बिना भय ना मिटै, थारो भव तिरणो नहीं होय ॥ टेर ॥ या जग आडम्बर ख्यालमें रे, भूल रहो मत मोय ॥ आयो अवसर जावसी पीछे, नेण गमावोला रोय ॥ १ ॥ कामक्रोध दंभ लोभ मोहमें रे, फँस रहे सब कोय। विषयानन्दकूं ही सान केवे, फिर फिर बोझो ढोय ॥ २ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काग बक स्वभाव ही त्यागिये रे, हंसगत हालो जोय
हंस होय हीरा चूणलो थे, गुरु गम गाढी गोय ॥ ३
नरतन पदारथ पायके रे, वृथा अब मत खोय ॥ सुर
कहे ये पुकारके अब, चेत चेत मत सोय ॥ ४ ॥ नवलन
गुरु यूं कह्यो रे, जगदीश सबमें जोय ॥ उत्तमनाथ
समजके अब, समदृष्टी शीतल होय ॥ ५ ॥ १३

इति श्रीउत्तमनाथजी कृत वाणी समाप्त ।

पुस्तक मिलनेका ठिकानाः—

खेमराज श्रीकृष्णदास,
'श्रीवेङ्कटेश्वर' स्टीम्-प्रेस,
बम्बई.

गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास
'लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर' स्टीम्-प्रेस,
कल्याण-बम्बई

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अ
भरत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi